हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री



12 26 सोसाइटियों में नहीं यूरिया, बाकी जगहों पर किल्लत, सरकार नहीं चाहती है बेहतर उत्पादन



## खबर संक्षेप

### निगम की टीम ने अवैध रोड निर्माण को बंद कराया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत खसरा नंबर 199 शासकीय भूमि शंकराचार्य मेडिकल कालेज के पास अजय बाफना द्वारा अपने प्राइवेट जमीन से एप्रोच रोड में रोड बनाया जा रहा था। उक्त स्थल पर अपने आवागमन के साधन के लिए पुलिया का निर्माण कर लिया था। जिसकी शिकायत प्राप्त होते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची। मौके पर निरीक्षण में पाया गया कि अजय बाफना द्वारा एप्रोच रोड से जोड़कर नया रोड का निर्माण किया जा रहा था, जिसे रूकवा कर पंचनामा तैयार कराया गया। इस संबंध में नोटिस भी जारी किया गया है ।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले दो पर चाकू से हमला

**भिलाई।** मॉनिग वॉक पर निकले दो पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि टाउनशिप सेंट्रल एवेन्यू में बुधवार को सेक्टर-2 गणेश पंडाल के सामने एक व्यक्ति और सेक्टर 5 व 6 के बीच एक को चाकू से अज्ञात तीन बाइक सवारों ने हमला कर फरार हो गए। अज्ञात आरोपी मोबाइल लूट कर फरार हो गए। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेक्टर 5 सड़क 15 निवासी प्रवेश वैद्य,सेक्टर 06 में सेंट्रल एवेन्यू पर मॉर्निंग वॉक पर निकले सेक्टर 5 सड़क 2 के राजा बाबू को बाइक सवार तीन युवकों ने चाकू से हमला किया। घटना में राजाबाबू को गंभीर चोट आई है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं प्रवेश वैद्य को तीन टाके लगे हैं। भिलाई नगर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए सीसी टीवी खंगालना शुरू किया। मॉर्निंग वॉक के दौरान चंद मिनटों में हुई दो चाकू मारने की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है।

### दुर्ग निगम के 44 कर्मचारियों को 1.10 करोड़ मिले

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग ने कर्मचारियों के हित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। पहली बार निगम प्रशासन ने उपादान (रिटायरमेंट बेनिफिट) की एकमुश्त राशि कर्मचारियों के खातों में सीधे जमा की है। इस निर्णय से 44 पात्र कर्मचारियों को उनके जीवनभर की पूंजी का लाभ मिला। निगम द्वारा 1,10,41,705 की कुल राशि कर्मचारियों के खातों में ट्रांसफर की गई। कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। तीन माह तक विभागीय बैठकों के बार यह राशि जारी हो पाई। कर्मचारियों ने महापौर अलका बाघमार और निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कर्मचारियों का कहना था कि इस निर्णय से न केवल उनकी आर्थिक मजबूती बढ़ी है बल्कि उन्हें अपने भविष्य की योजनाओं को सुरक्षित करने का भी अवसर मिला है। शेष कर्मचारियों के खातों में राशि अगले 10 से 15 दिनों में ट्रांसफर की जाएगी।

# मुंबई में ब्लड डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चे के लिए युवती ने किया स्टेम सेल का दान, बचेगी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई3

भिलाई में हेल्थ से जुड़ी एक नई उम्मीद भरी खबर सामने आई है। ब्लड डोनेशन कैम्प में एक युवती का स्टेम सेल मुंबई में भर्ती एक बच्चे से मैच कर गया है। वर्तमान में यह बच्चा जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। वह ब्लड डिसऑर्डर से पीड़ित है। पिछले चार महीने से पूरे देश में स्टेम सेल की तलाश की जा रही है। डीकेएमएस बेंगलुरू द्वारा इसकी तलाश की जा रही है। वर्तमान में आशीर्वाद ब्लड बैंक का सहयोग स्टेम सेल दान को लेकर रजिस्ट्रेशन कैम्प लगाया गया था, जहां युवती के ब्लड की जांच के दौरान स्टेम सेल मैच होने की जानकारी मिली। अब बच्चे का 11 सितम्बर को मुंबई के फोर्टिस हॉस्पिटल में स्टेम सेल डोनेशन से जुड़ा ऑपरेशन होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहेगा, जिससे बच्चे की जान बच जाएगी।

## भिलाई में निशुल्क स्टेम सेल डोनर रजिस्ट्रेशन कैम्प में युवती की हुई पहचान, ऑपरेशन आज

### ब्लड कैम्प में 80 से ज्यादा लोगों ने कराई थी जांच

विकास जायसवाल ने बताया कि भिलाई शहर में वर्ष 2021 में डीकेएमएस, बीएमएसटी और जेसीआई के सहयोग से निशुल्क स्टेम सेल डोनर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया था। इस कैंप में लगभग 80 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इन्हीं में से एक पंजीकृत डोनर कोमल अनंत का ब्लड डिसऑर्डर से पीड़ित एक बच्चे से मैच हुआ है। कोमल अनंत और उनके परिवार से संवाद कर उन्हें इस जीवनदायी कार्य हेतु सहमति ली गई। कोमल अनंत, जो साधारण परिवार से आती हैं। वर्तमान में वह मुंबई के फोर्टिस हॉस्पिटल में हैं, जहां उनकी सभी मेडिकल जांचें पूरी हो चुकी हैं।



### युवती को भी रखा गया है ऑब्जर्वेशन में

जानकारी के मुताबिक कोमल अनंत को भी आब्जर्वेशन में रखा गया है। उनका स्टेम सेल डोनेशन सम्पन्न होगा। यह प्रक्रिया लगभग 5 से 6 घंटे चलेगी। स्टेम सेल डोनेशन से पहले डोनर को 5 दिनों तक जी-सीएसएफ इंजेक्शन दिए जाते हैं, जिससे बोन मैरो से स्टेम सेल रक्त में प्रवाहित होने लगते हैं। इसके बाद स्टेम सेल को रक्त से अलग किया जाता है। यह प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित है। डोनर को इससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं है। स्टेम सेल वे अविभेदित कोशिकाएं होती है, जिनमें शरीर में कई अलग-अलग प्रकार की कोशिकाओं में विकसित होने की अद्भुत क्षमता होती है। रक्त, मांसपेशी या तंत्रिका कोशिकाएं विकसित होती हैं। ये शरीर के लिए एक मरम्मत प्रणाली के रूप में काम करती है। क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत करती है। शरीर की आवश्यक सभी कोशिकाओं का निर्माण करती है।

### डेढ़ महीने में भी संविदा भर्ती नहीं कर पाया प्रशासन

# जिला और सिविल अस्पताल सुपेला में सोनोग्राफी बंद 100 रुपए की सोनोग्राफी के लिए खर्च कर रहे 1200 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मेडिकोलीगल केस की वजह से जिला अस्पताल व सुपेला अस्पताल को रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिल रहे हैं। दोनों की अस्पताल के लिए डेढ़ महीने से जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से संविदा में रेडियोलॉजिस्ट भर्ती के लिए विज्ञापन भी निकाले गए लेकिन मेडिकोलीगल केस के चलते रेडियोलॉजिस्टों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। नतीजा कि गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य सोनोग्राफी बंद हो गई है। गर्भवती महिलाओं को निजी सोनोग्राफी सेंटर में भेजा जा रहा है। जहां उन्हे 900 रुपए से लेकर1200 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि जिला व सिविल अस्पताल सुपेला में महज 100 रुपए में सोनोग्राफी हो जाती थी। गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी मुफ्त में हो जाती थी।






### जिला व सुपेला अस्पताल में हर दिन 50 मेडिकोलीगल केस

जिला अस्पताल में हर दिन 25 मेडिकोलीगल केस एक्स-रे व सोनोग्राफी के आते हैं। इसी तरह सिविल अस्पताल सुपेला में भी रोजाना 25 केस मेडिकोलीगल के होते हैं। इस तरह हर दिन दोनों की अस्पताल में 50 मेडिकोलीगल केस की एक्स-रे व सोनोग्राफी होनी है। प्रशासन के संविदा भर्ती विज्ञापन में रेडियोलॉजिस्ट को मेडिकोलीगल केस के साथ दोनों अस्पताल में आने वाले मरीजों की सोनोग्राफी करना है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य सोनोग्राफी भी होना है।
00 गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य सोनोग्राफी का शेड्यूल देशभर में गर्भवती माताओं और गर्भस्थ शिशुओं की मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सरकार सुरक्षित मातृत्व योजना चला रही है। इस योजना के तहत गर्भवती माताओं का निःशुल्क सोनोग्राफी अनिवार्य किया गया है। पहले तीन महीने में एक सोनोग्राफी करना है। 7वें, 8वें और 9वें महीने में फिर से सोनोग्राफी होना है। सोनोग्राफी होने से न गर्भस्थावस्था ने नवजात शिशु की स्थिति और प्रोगेस पता लगाकर उस हिसाब से इलाज करना है। इन दिनों जिला व सुपेला अस्पताल में ये बंद है।

### हर दिन होनी है 80 सोनोग्राफी

जिला अस्पताल में हर दिन 25 मरीजों की सोनोग्राफी होती थी । सिविल अस्पताल सुपेला में हर दिन 15 सोनोग्राफी हो रहे थे। इसमें पेट संबंधी, यूरिनल, फैक्चर आदि शामिल है। मदर एंड चाइल्ड यूनिट दुर्ग में गर्भवती महिलाओं ही हर दिन 25 से 30 की सोनोग्राफी और सिविल अस्पताल सुपेला में 15 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी के लिए डॉक्टर लिखते हैं।

### मेडिकोलीगल की वजह से इन डॉक्टरों ने खड़े किए हाथ

रेडियोलॉजिस्ट डॉ. गुलशन संविदा के रूप में सोनोग्राफी का कार्य पहले कर चुके हैं। उन्होने मेडिकोलीगल प्रकरणों से स्वयं को अलग रखने पर ही नई ज्वाइनिंग करने की शर्त रख दी है। पूर्व सिविल सर्जन व रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एके साहू ने भी मेडिकोलीगल केस की वजे से ज्वाइनिंग के लिए आवेदन ही नहीं किया। यही हाल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बद्रीप्रसाद देवांगन का है। वे भी इन मामलों की वजह से ज्वाइनिंग करने का मन हटा लिया।

### इन उदाहरणों से समझिए मरीजों का दर्द

#### मरीजों को नहीं मिल रही डेट

1 गंजपारा निवासी निर्मला बाई पेट संबंधी समस्या से जूझ रही है। वे बताती हैं कि जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ को दिखाया तो उन्होने सोनोग्राफी के लिए लिखा है। पिछले महीने से यहां आ रही हूं। सोनोग्राफी सेंटर की नर्स ने कहा कि डॉक्टर ही नहीं है। इसलिए डेट ही नहीं दे सकते।

#### निजी सेंटर में भेज रहे

2 पद्मनाभपुर निवासी रोशनी गर्भ से है। वे बताती है कि डॉक्टर ने चेकअप के बाद गर्भस्थ शिशु की जांच के लिए लिखा है। दो बार हो गए जिला अस्पताल का चक्कर काट रही हूं। तीसरी बार आई हूं। यहां सोनोग्राफी हो नहीं रही है। यहां के स्टॉफ का कहना है कि अजेंट है तो निजी सेंटर में जाकर सोनोग्राफी करवा लो।

3 कैंप निवासी अनिता को छठवां महीना पूरा हो गया है। वे बताती हैं कि सिविल अस्पताल सुपेला में पहली सोनोग्राफी नहीं हो पाई। दूसरा सोनोग्राफी सातवें महीने में करना है। मितानिन ने यहां सोनोग्राफी के लिए भेजा है।यहां आने पर स्टॉफ कह रहा है कि सोनोग्राफी के डॉक्टर नहीं है इसलिए प्राइवेट में चले जाओ।

4 उमरपोटी निवासी गायत्री साहू के बच्चेदानी में गांठ की समस्या थी। जिला अस्पताल व सुपेला अस्पताल में इलाज चला। बच्चेदानी में फिर से दर्द हो रहा है। इसलिए डॉक्टर ने सोनोग्राफी के लिए कहा है। दोनों की अस्पताल में सोनोग्राफी बंद है। जिसकी वजह से मैं प्राइवेट में जाकर 1200 देकर सोनोग्राफी करवाई। रिपोर्ट दिखाने यहां आई हूं।

#### नहीं मिल रहे रेडियोलॉजिस्ट

प्रशासन द्वारा डीएमएफ से रेडियोलॉजिस्ट भर्ती के लिए विज्ञापन दिया है लेकिन आवेदन ही नहीं कर रहे। जिसकी वजह से सोनोग्राफी नहीं हो पा रही है।
- डॉ. एके मिंज
सिविल सर्जन जिला अस्पताल

#### कोई मिल ही नहीं रहा

सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी बंद है। न गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी हो रही और न ही दूसरे बीमारी की। कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिला है। कोशिश कर रहे हैं।
- डॉ. पियम सिंह, प्रभारी सुपेला अस्पताल

# चिट्टा का मास्टर माइंड मोहन नगर थाने से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

चिट्टा तस्कर का मास्टर माइंड थाने से पत्नी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस खोजबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक चिट्टा तस्करी मामले में दबिश देकर सात आरोपी को मौके से पकड़कर थाने लाई थी। जिसमें एक आरोपी वैशाली नगर निवासी गुरजीत सिंह उर्फ रूट मोहन नगर थाने में पुलिस को झांसा देकर सिल्वर रंग के स्कूटी में सवार होकर पत्नी के साथ फरार हो गया। मोहन नगर थाने से फरार होने की जानकारी लगने पर पुलिस के हाथ पांव फूलने लग गया।

- लंबे समय से कारोबार में शामिल, छावनी थाने में भी दर्ज है मामला

आरोपी गुरजीत सिंह 25 लाख के चिट्टा तस्करी में शामिल था। इसके पूर्व भी छावनी थाने में चिट्टा तस्करी में पकड़ा गया था। इसके बाद भी चिट्टा के अवैध कारोबार को छोड़ नहीं रहा है। बताया जा रहा है कि मोहन नगर थाने के गेट के बाहर खड़ी स्कूटी सवार महिला उसकी पत्नी थी। जिसके वाहन में बैठकर फरार हो गया है। उसे पकड़ने के लिए टीम बनाकर जगह-जगह दबिश दे रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

पुलिस स्कूटी सवार महिला और गुरजीत को पकड़ने में जुटी हुई है। गुरजीत सिंह के खिलाफ वैशाली नगर थाने में भी अपराध कायम है। गुरजीत पुराना तस्कर है इसके सिडिकेंट कई युवक शामिल है। इसके पकड़े जाने के बाद कई खुलासा हो सकता है।

### सीसी कैमरे को खंगालना शुरू

मोहन नगर थाने से फरार होने वाले गुरजीत सिंह को पुलिस पकड़ने के लिए थाने परिसर समेत आसपास में लगे सीसी टीवी को खंगाल रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस को आरोपी का सुराग हाथ नहीं लग पाया है। फिलहाल फूटेज को चेक किया जा रहा है। इसके अलावा उसके दोस्तों से भी पूछताछ में जुटी हुई है।

# चिट्टा का बड़ा कारोबार, 6 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

चिट्टा का बड़ा अवैध कारोबार करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि कार सीजी 07 सीएस 7776 में सवार युवक चिट्टा (हीरोइन) को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। मोहन नगर व एसीसीयू की टीम ने धमधा रोड सब्जी मंडी के पास दबिश दिया। जहां युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवकों ने अपना नाम जामुल उज्जवल सिंह उर्फ गोलू, हाउसिंग बोर्ड भिलाई मोन्टी अरोरा, सुपेला रजत पाण्डेय,हाउसिंग बोर्ड राहूल सिंह, भिलाई तीन लोकेश कुमार ओगरे, खुर्सीपार जगतार सिंह होना बताया है। वाहन की तलाशी लेने पर लाल बैग से 246 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। चिट्टा को लेकर आरोपियों के पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। आरोपियों के पास से चार पहिया वाहन,नगदी रकम 1.25 लाख रुपए बरामद हुआ है। चिट्टा की कीमत 25 लाख रुपए आंकी गई है।

- 25 लाख का चिट्टा जब्त, कार और नकदी 1.25 लाख रुपए भी मिले

### चार सड़क हादसे का शिकार

**भिलाई।** दशगात्र में शामिल होकर घर जा रहे कार सवार सड़क हादसे का शिकार हो गए। कोसा नाला टोल प्लाजा के पास कार सीजी 08 एआर 9073 में चार लोग राजनांदगांव से भिलाई दशगात्र में शामिल होने आ रहे थे। कोसा नाला के पास कार पहुंचते ही अनियंत्रित ट्रक ने कार को चपेट में ले लिया। जिससे कार के आगे खड़ी मालवाहक से भिड़ गई। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों तरफ से कार को नुकसान हुआ है। कार में सवार 4 लोग बच गए। ट्रक चालक तुरंत वाहन को साइड लगाकर फरार हो गया।

# अंधेरे में डूबा वार्ड 36, उपसभापति ने पोल में चढ़कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रिसाली नगर निगम के डुंडेरा पश्चिम वार्ड 36 में कांग्रेस पार्षद रोहित धनकर ने अपने वार्ड में अंधेरे को लेकर अनूठे तरीके से विरोध जताया। वे वार्ड को अंधेरे से मुक्त करने की ढ़ेरो आवेदन किए लेकिन समस्या नहीं सुलझी तो उन्होने बिजली पोल पर चढ़ गए और लाइट लगाई। धनकर उपसभापति और महापौर परिषद का राजस्व प्रभारी हैं। वार्ड मे लाइट के समस्या को लेकर लम्बी सीढ़ी लेकर घूमे और फिर बिजली पोलों में अकेले चढ़ कर लाइट बनाते मिले।



### भाजपा वार्डों में लाइट से चकमक कांग्रेस के वार्ड मे अँधेरे

डुंडेरा पश्चिम वार्ड 35 जो भाजपा पार्षद हैं। जिसमे लाइट की व्यवस्था काफ़ी दुरुस्त हैं। कांग्रेस पार्षद धनकर का कहना है कि भाजपा पार्षद के वार्डो मे कार्यों को ज्यादा रूचि लिया जा रहा हैं। जनता से जुडी समस्याओ का निराकरण नहीं हो पा रहा हैं। कई बार निगम आयुक्त को बिजली की समस्या दूर करने के लिए पत्र दिया। उसके बाद भी बिजली की समस्या वार्ड में बनी हुई है।

### अंतिम संस्कार कार्य में दिक्कत

पार्षद धनकर का कहना है कि बिजली पोल पर नहीं लगाए जाने की वजह से अंतिम संस्कार क्रिया में भी परेशानी हो रही है। कई मृतकों का अंतिम संस्कार करते- करते शाम तक हो जाती है। ऐसी स्थिति में लोग अंतिम क्रिया करने मोबाइल की लाईट जलाकर कर रहे हैं। सरकार बदलने के बाद रिसाली निगम के कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में कामकाज नहीं करवाए जा रहे हैं।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले दो पर चाकू से हमला

**भिलाई।** बुधवार की सुबह सेंट्रल एवेन्यू में मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। आरोपी बाइक सवार तीन बदमाश थे। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर -2 गणेश पंडाल के सामने सेंट्रल एवेंन्यू में सुबह लगभग 5 बजे सेक्टर 5 सड़क 15 निवासी प्रवेश वैद्य, इसके बाद राजा बाबू नामक व्यक्ति पर तीन बाइक सवार चाकू से हमला कर फरार हो गए। घटना में राजाबाबू को गंभीर चोट आई है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं प्रवेश वैद्य को तीन टाके लगे हैं।

## लौट रहा मानसून, तापमान में आई गिरावट, जिले में अब तक 769.6 मि.मी. औसत वर्षा

# प्रदेशभर में दुर्ग में सबसे ज्यादा 76.4 मिली बारिश, डेढ़ घंटे की बारिश से सड़कें लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मंगलवार की रात करीब डेढ़ घंटे इतनी भारी बारिश हुई कि प्रदेशभर में दुर्ग में सबसे ज्यादा बारिश रिकार्ड की गई। 76.4 मिलीमीटर की बारिश हुई। जिससे सड़कें लबालब हो गई। निचली बस्तियों के घरों में तक पानी आ पहुंचा। पूरे दिनभर में दोपहर को करीब एक बजे भी इसी तरह आधे घंटे की बारिश ट्विनसिटी में हुई। रात को 8 बजे फिर से मौसम का सिस्टम बना और रात 9.30 बजे तक झमाझम बारिश होती रही। बुधवार को मौसम साफ रहा लेकिन शाम होते ही कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी दुर्ग जिले में एलर्ट जारी किया है।

### जिले में अब तक 769.6 मिमी औसत वर्षा

जिले में 1 जून 2025 से 10 सितम्बर 2025 तक 769.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 1091.0 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 555.8 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 676.8 मिमी, तहसील अहिवारा में 761.9 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 722.2 मिमी और तहसील दुर्ग में 809.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 10 सितम्बर 2025 को तहसील दुर्ग में 47.1 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 13.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



### मौसम विभाग ने जारी की आज भी भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के हिसाब से गुरुवार को प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। दुर्ग जिले मे एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। दो दिनों के बाद अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 33डिग्री सेल्सियस और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकती है।

### सिस्टम इस तरह है हावी

मौसम विभाग के मुताबिक औसत समुद्र तल पर मानसून की द्रोणिका अब उत्तर-पूर्व अरब सागर और उससे सटे दक्षिण पाकिस्तान, आगरा, बाराबंकी, वाराणसी, डाल्टनगंज, रांची, दीघा और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की होकर गुजर रही है।दक्षिण ओडिशा और उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण औसत स ऊपर तक फैला हुआ है। अक्षांश 22 उत्तर के उत्तर में देशांतर 86 पूर्व के साथ औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर पश्चिमी हवाओं में द्रोणिका बनी हुई है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# खाद वितरण में गड़बड़ी, राठी भंडार पर कृषि विभाग ने की कार्रवाई

## कृषि विभाग की जांच में खुलासा, किसान ने नहीं लिया खाद, फिर भी रिकॉर्ड में चढ़ा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के किसान लंबे समय से खाद-बीज के संकट से जूझते रहे। अब अन्य उर्वरक को लेकर उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बुधवार को एक और बड़ी सामने आई, जिसमें किसान ने उर्वरक उठाया ही नहीं है लेकिन पॉश मशीन में रिकॉर्ड हो गया है। जांच के बाद इसका खुलासा हुआ। कृषि विभाग ने राठी भंडार केंद्र अरमरीकला पर इस मामले में कार्रवाई की है। उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। बता दें कि जिले में खाद की किल्लत बनी हुई है। इधर निजी फर्म जमकर कालाबाजारी कर रहे हैं। उर्वरकों की कालाबाजारी, होर्डिंग, डायवर्सन एवं अन्य गतिविधियों की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। इधर कृषि विभाग का दावा है कि सतत निगरानी की जा रही है। उर्वरक केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। अनियमितता की स्थिति में संबंधित विक्रय केन्द्र के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई भी का जा रही है। बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### पीएसओ मशीन में दर्शाई जा रही गलत जानकारी, किसान हो रहे परेशान

इधर कृषि विभाग की जांच में गड़बड़ी सामने आई है। अरमरीकला के मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार एवं मेसर्स गांधी कृषि केन्द्र द्वारा कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक विक्रय परिलक्षित हुई। उक्त विक्रेताओं से उर्वरक क्रेता कृषकों से व्यक्तिगत संपर्क कर बयान लिया गया। इसके अनुसार पाया गया कि कृषकों द्वारा खरीफ फसल हेतु क्रय किये गये उर्वरक मात्रा से अत्यधिक मात्रा विक्रेता द्वारा मशीन में उनके नाम से दर्ज किया गया है, जिन कृषकों द्वारा प्रतिष्ठान से उर्वरक क्रय ही नहीं किया है। उनके नाम से भी पीओएस मशीन में विक्रय मात्रा दर्ज की गई है। तथा निर्धारित दर से अधिक दर पर कृषकों को उर्वरक का विक्रय प्रतिष्ठान द्वारा किया गया है।



### सेंटर में मारा छापा, स्टाक में मिली गड़बड़ी

संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गभेल से मिली जानकारी अनुसार कृषकों के बयान लेने के बाद निरीक्षण दल ने मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार अरमरीकला के विक्रय परिसर तथा खाद गोदाम का निरीक्षण किया। प्रतिष्ठान में उपलब्ध स्कंद पंजी एवं क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयक एफसीओ 1985 में प्रावधानित प्रारूप अनुसार नहीं पाया गया। स्कंद पंजी में दर्ज आवक मात्रा विक्रेता द्वारा थोक विक्रेताओं से क्रय किये गये उर्वरक के इनवाइस के अनुसार नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयकों में विक्रेता के लायसेंस नंबर एवं उर्वरक के बैच नंबर का उल्लेख नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से किये गये विक्रय के विरूद्ध अधिकांश क्रेताओं को विक्रय देयक ही जारी नहीं किया गया है। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 दिन में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमतः कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### 17 से सेवा पखवाड़ा, होंगे सामाजिक कार्य

दुर्ग। ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रेस्ट हाउस नगपुरा में अंजोरा मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा को लेकर आयोजित बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। चंद्राकर ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। इस पखवाड़े में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और गरीब वर्ग तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। यह अभियान पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा और कार्यकर्ताओं को सामाजिक सरोकार से जोड़ने और जनता तक सीधा पहुंचने का एक बड़ा अवसर होगा। बैठक में कांतिलाल जैन, गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, दिनेश देशमुख महामंत्री, यामिनी हरमुख, चेतन साहू, नंदू निर्मलकर, शिव निषाद, भाना बाई ठाकुर, दिव्या साहू, पुष्पा सिंह, रामकली साहू, छत्रपाल साहू, ओमकार देवांगन, विनोद साहू, ताम्रध्वज साहू आदि मौजूद थे।

## यूरिया की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान पहुंचे कलेक्टोरेट

# 26 सोसाइटियों में नहीं यूरिया, बाकी जगहों पर किल्लत, सरकार नहीं चाहती है बेहतर उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

किसानों के लिए यूरिया खाद की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता दर्जनों बैलगाड़ी में सवार होकर कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इससे पहले राजीव भवन शनिचरी बाजार में सभा हुई। सभा के बाद रैली की शक्ल में कार्यकर्ता बीजेपी कार्यालय के सामने से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान बीजेपी कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की गई। कलेक्टोरेट में कलेक्टर अभिजीत सिंह को बुलाने को लेकर जमकर विवाद हुआ। बाद में लिखित में आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। यूरिया की कमी और 266 रुपए की यूरिया की कालाबाजारी होने पर कांग्रेसी और किसानों ने प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जिले में यूरिया की भारी कमी है। इससे उत्पादन प्रभावित होगा। सरकार नहीं चाहती कि वे प्रति एकड़ हिसाब से 21 क्विंटल धान खरीदी, इसलिए साजिश रची जा रही है। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा ठीक नहीं है। पहले डीएपी का संकट और कमी और अब यूरिया खाद की कमी सरकार स्वयं नहीं चाहती कि किसानों का 21 क्विंटल धान उत्पादन हो और सरकार को लेना पड़े पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार में कभी ऐसी किल्लत और खाद की कालाबाजारी नहीं हुई।

### गाड़ा-बैला में सवार होकर कांग्रेस नेताओं ने निकाली रैली



### 260 का यूरिया बाजार में बिक रहा 1200 रुपए में

धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सोसाइटी में खाद नहीं पहुंच रहा है, लेकिन कालाबाजारी के लिए दुकानदारों के पास यूरिया पहुंच जा रहा है। 266 का यूरिया मजबूरी में किसानों को 1200 रुपए में खरीदना पड़ रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर छापा मारने पर दुकानदारों के पास 145 मी टन खाद जप्त की गई । सीधा सीधा सरकार के संरक्षण में खाद की कला बाजारी हो रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में हर वर्ग परेशान है। पहले ही बिजली दर में 20 % बढ़ोतरी की गई है। बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने से शहरी हो या ग्रामीण गरीब मध्य वर्गी सभी का बिजली बिल 2 गुना आ रहा है।

### किसानों को नहीं हो रही खाद की सप्लाई, पैदावार प्रभावित होने का खतरा

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि 15 दिन हो गए हैं किसानों को अब तक खाद की पूर्ति नहीं की गई । लिखित आश्वासन के बाद राकेश ठाकुर ने कहा कि 2 दिन में सोसायटी के माध्यम से सभी किसानों को यूरिया का वितरण करना होगा। प्रदर्शन के दौरान आरएन वर्मा, अश्वनी साहू, अलताफ अहमद, रिवेंद्र यादव, संजय कोहले, नासिर खोखर, राजीव गुप्ता, रूपेंद्र शुक्ला, अजय गुप्ता, राजकुमार नारायणी, आनंद ताम्रकार, मोहित वाल्दे, तिलक राजपूत, शिशिर कसार, सुमित घोस, प्रमोद राजपूत, राजेश ठाकुर, हीरा वर्मा, भोला महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।



# सिकोला तालाब के पास नहीं बनी सड़क, ईरानी डेरा में कुत्तों का आतंक, शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ने वार्डों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिकायत में जानकारी दी गई कि वार्ड 15 सिकोला बस्ती, गंज मंडी दीवार से लगे क्षेत्र में सड़क नहीं है। बारिश के दिनों में आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। जीरा गिट्टी डालने, नाली सफाई, कचरा डंप किए जाने की शिकायत की गई। इसी प्रकार वार्ड 40 केलाबाड़ी सुराना कॉलेज वार्ड में आवारा कुत्तों एवं जानवरों के आतंक के खिलाफ जन दर्शन में ज्ञापन सौंपा गया।

■ समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

वार्ड 15 सिकोला बस्ती दुर्ग, सिकोला तालाब के पास, न्यू सब्जी मंडी दीवार से लगे क्षेत्र के निवासी मोहल्ले में सड़क नहीं होने के चलते परेशानियों से जूझ रहे हैं। इसके चलते स्कूल, अस्पताल, काम में जाना एवं अन्य जरूरी काम के लिए आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले भी इस समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन इस समस्या का समुचित समाधान नहीं किया गया। इसी प्रकार वार्ड 40 ईरानी डेरा रोड सुराना कॉलेज वार्ड में कुत्तों वह जानवरों के आतंक के चलते लोग काफी परेशान हैं। आवारा कुत्तों के द्वारा आम नागरिक जेड राहगीर एवं बाइक गाड़ी वालों को दौड़ाया जाता है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की तरफ से अनीता साहू, मीनू बांदे, जया पटेल, सरस्वती ठाकुर, भावना ठाकुर, पिंकी, दीपिका ठाकुर, रीता यादव, तीरथ साहू, अमृत बाई साहू, हेमंत सेन आदि ने ज्ञापन सौंपा।

# नहीं हुआ वेतनमान संशोधन, कृषि विभाग के अफसरों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

एनएचएम के बाद कृषि विभाग में पदस्थ कृषि विस्तार और अन्य अधिकारी विरोध के मूड़ में है। दो दिनों उन्होंने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर काली पट्टी लगाकार विरोध दर्ज कराया। साथ ही तय किया कि 15 सितंबर को वे अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री से मिलेंगे। साथ ही अपनी मांगों को लेकर जानकारी देंगे।

■ 15 सितंबर को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मिलने की तैयारी

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के अध्यक्ष अमित वर्मा ने कहा कि सर्वसम्मति से विरोध करने का निर्णय लिया गया है। मांगों में वेतन संशोधन 4300 ग्रे पे, ग्रामीण और कृषि विस्तार अधिकारियों के क्षेत्र का पुनर्निधारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि, विभागीय कार्य के लिए संसाधन भत्ता, सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, एमपी शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि अधिकारी के नाम का कृषि विस्तार अधिकारी किया जाना शामिल है।

# 87 छात्राओं को बांटी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 21 तितुरडीह स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश, हिंदी मीडियम स्कूल में मेयर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, पार्षद विद्यावती सिंह के साथ सरस्वती योजना के अंतर्गत 87 छात्राओं को साइकिल वितरित किया।

बाघमार ने कहा कि बेटियां हैं तो कल है। सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें। अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। इंग्लिश, हिंदी मीडियम स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अरुण सिंह, स्कूल प्राचार्य सहित अन्य मौजूद थे।



# प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज ने मनाया तीज मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज दुर्ग ने पंचवटी मैरिज पैलेस में हर्षोल्लास से तीज मिलन कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष तूलिका तिवारी ने किया। उद्बोधन प्रदेश उपाध्यक्ष आशा शुक्ला ने व्यक्त किया। मंच संचालन

■ समाज की प्रगति और छत्तीसगढ़ी संस्कृति से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराने पर दिया जोर

सचिव ज्योति द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में सभी ने समाज की प्रगति और छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा से आने वाली पीढ़ी की अवगत कराने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में ममता तिवारी और आरती तिवारी ने सभी को सुहाग की सामग्री प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि




प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष भारती किरण शर्मा, नारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा तिवारी, शक्ति महिला मंडल विप्र समाज रायपुर अध्यक्ष प्रीती शुक्ला एवं पदाधिकारी, सर्व ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष प्रीती बेहरा, मंजरी दुबे, सरयूपारी ब्राह्मण समाज दुर्ग संरक्षिका सुमन पांडेय, पुष्पा तिवारी, अध्यक्ष अर्पणा चौबे एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सभी मेहमान एवं मेजबान प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति दी। आयोजन की सभी ने खूब सराहना की। तीज मिलन का यह कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर और सफल रहा। अतिथियों में कार्यक्रम के आयोजन के लिए समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई भी दिए। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन तूलिका तिवारी ने व्यक्त किया।

### आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त को तीन महीने के लिए भेजा गया जेल

दुर्ग। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन के आधार पर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त विनोद पिता मारकण्डे तिवारी निवासी वृन्दानगर केम्प 01 को तीन माह की अवधि के लिए केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने आदेशित किया है। आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त ने न्यायालय में प्रस्तुत जवाब, तर्क एवं शपथ पूर्वक कथन का अध्ययन किया। विनोद तिवारी के विरुद्ध वर्ष 2022, 2023 व 2025 में लगातार नारकोटिक्स एक्ट के कुल 03 मामले एवं बीएनएस धारा 126, 135 (3) थाना वैशाली नगर में दर्ज हैं। वर्तमान में मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। विनोद आदतन आपराधी एवं तस्कर है। स्वस्थ्य एवं समाज के लिए हानिकारक है।

## महापौर अल्का ने निरीक्षण के दौरान नाली के ऊपर अवैध निर्माण और जलभराव पर जताई नाराजगी

# ड्रेन सिस्टम फेल, डेढ़ घंटे की बारिश में आधा शहर जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर की सफाई व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई है। मंगलवार की शाम डेढ़ घंटे की बारिश के बाद घंटों बारिश का पानी आधे शहर में जमा रहा। बिजली गुल होने से संकट और बढ़ गया। लोग परेशान होते रहे, लेकिन उनकी परेशानियों का समाधान नहीं हो सका। धीरे-धीरे पानी कम हुआ, इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि सिंधिया नगर, आदित्य नगर, मोतीपारा, दीपक नगर, कसारीडीह, पद्मनाभपुर, जेल रोड, संतराबाड़ी, बांधा तालाब, राजीव नगर, गयानगर, पोटिया क्षेत्र, बोरसी, कैलाश नगर, तितुरडीह, शंकरनगर, आर्य नगर सहित अन्य जगहों पर घंटों बारिश का पानी जमा रहा। रात करीब 12 बजे के बाद निकासी हुई। इधर बुधवार को महापौर अल्का बाघमार ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जमकर नाराजगी व्यक्त की। बाघमार ने सुबह करीब चार घंटे तक तीन वार्डों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद गुलाब वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### ओम परिसर क्षेत्र में जलभराव की गंभीर स्थिति

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार को जानकारी मिली कि ओम परिसर के पास अवैध रूप से नाली के ऊपर निर्माण किया गया है। नाली को डायवर्ट कर दिया गया है। इसके कारण बरसात के दिनों में नाली का बहाव बाधित हो रहा है। आसपास के क्षेत्रों में पानी भर रहा है। दुकानों और मकानों में पानी घुसने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। महापौर ने इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए दरोगा और जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और नाली को सही तरीके से बनवाने के निर्देश दिए।



### अवैध अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की मांग

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि ओम परिसर के समीप एक डेकोरेशन दुकान संचालक ने दुकान के बाहर अवैध रूप से सामान रखकर रास्ता घेर रखा है। इस वजह से राहगीरों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने निगम प्रशासन से मांग की कि दुकान संचालक को नोटिस जारी कर तुरंत अतिक्रमण हटवाया जाए। बाघमार ने वार्ड 38 महावीर नगर स्थित मुकुंद भवन के पास के तालाब का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह तालाब हमारी ऐतिहासिक धरोहर है, इसे संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।

### घंटों गुल रही बिजली, अफसरों ने नहीं उठाया फोन

जवाहर नगर जोन क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप पड़ गई। रात करीब 10 बजे कई बार विभागीय अधिकारियों को फोन लगाए गए। एई, ईई से लेकर चीफ इंजीनियर तक को फोन किया गया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। टोलफ्री नंबर और जवाहर नगर केंद्र का नंबर भी हर समय बिजी बता रहा था। इधर आदित्य नगर चौक में जमा पानी में करंटे आने की शिकायत सामने आई, लेकिन शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि बिजली दफ्तर महज 100 मीटर की दूरी पर था। इसी प्रकार एमआईसी मेंबर काशीराम कोसरे ने 50 से ज्यादा बार फोन किया, लेकिन कम्प्लेन नहीं सुधार गया। महोबे किराना स्टोर के पास का डीओ उड़ गया था, उसे भी नहीं सुधारा गया।

# जयशक्ति आश्रम निकुम में नवरात्रि पर्व पर होगी भगवान दत्तात्रेय महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निकुम

## नवरात्रि शुभारंभ 22 से 30 सितंबर तक चलेगा महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

तीर्थराज देवि निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम संतश्री माताजी निवास में लगातार किए जा रहे यज्ञों की श्रृंखला में एक और महायज्ञ का भव्य आयोजन आगामी क्वांर नवरात्र पर्व पर होने जा रहा है। क्वांर नवरात्र के पावन अवसर पर आश्रम परिसर में राजाधिराज महाराज महायोगी भगवान दत्तात्रेय की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी। इसके साथ ही 22 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक दत्तात्रेय महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।

### भगवान दत्तात्रेय की महिमा

भगवान दत्तात्रेय सृष्टि के संचालन करने वाले तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु और महेश के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। तीनों ईश्वरीय शक्तियों से समाहित महाराज दत्तात्रेय की आराधना बहुत ही सफल और जल्दी से फल देने वाली मानी जाती है। भगवान दत्तात्रेय आजन्म ब्रम्हाचारी, अवधूत और दिगम्बर रहे।







### सभी धर्मों में दत्तात्रेय को श्रेष्ठ स्थान

संतश्री माता जी ने बताया कि सभी धर्मों में भगवान दत्तात्रेय को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी धर्मों में किसी न किसी रूप में भगवान दत्तात्रेय को मानते हैं। श्वेताबंर और दिगंबर भी मानते हैं। सांई भी भगवान दत्तात्रेय के भक्त थे। इनका उल्लेख करना भी अतिश्योक्ति होती है।

प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महायज्ञ में पूर्णाहुति दी जाएगी। संतश्री माताजी द्वारा यह महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। जिसकी पूरी तैयारी परिसर में कर ली गई है। संतश्री माताजी ने बताया कि इस भव्य आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत निकुंभला देवि राजलक्ष्मी मंदिर, भगवान दत्तात्रेय से मंदिर व संपूर्ण मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार किया गया है। नई साज सज्जा के साथ रंगरोगन भी किया गया है। आश्रम पसिर को पहले से अधिक अलौकिक और मनमोहक स्वरूप दिया जा रहा है।

advt


## खबर संक्षेप



### गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**जामगांव आर।** ग्राम धमना में 10 वर्षों से सतत आयोजित गणेश उत्सव समिति ने बड़ी धूमधाम से गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया।

## निधन

### रत्ना कुमारी अम्मा



**भिलाई।** टीआरसी नायर की पत्नी रत्ना कुमारी अम्मा 73 वर्ष का निधन 10 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 सितंबर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संतोष व सुषमा की मां थीं।

### नंद कुमार वर्मा



**भिलाई।** सेवानिवृत प्राचार्य एवं सिकोला भाठा प्रेमनगर दुर्ग निवासी नंदकुमार वर्मा 89 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे अरुण, अंजली, अरविन्द, अमिताभ, अविनाश वर्मा के पिता, अंशुमान, आशुतोष, अपूर्व, अदिति, अदित्य के दादा तथा परितोष के नाना थे।

## तैयारी : 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा भाजपा का पखवाड़ा

# सेवा पखवाड़ा में फोटो का दिखावा न करें कार्यकर्ता, जाएं जनता के बीच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

### भाजपा मंत्री रोहित साहू ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित





भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल की ओर से सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन द्वारा जैन भवन जामगांव आर में किया गया। मुख्य वक्ता जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक भाजपा बूथ से लेकर मंडल प्रदेश और देश भर में सेवा पखवाड़ा का आयोजन होगा। जिसमें एक पेड़ मां के नाम ,रक्तदान शिविर , स्वास्थ शिविर,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती और गांधी जयंती के साथ हाईस्कूल कॉलेजों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन का अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा सेवा परम धर्म की भावना के साथ सक्रिय भागीदारी अदा करें। केवल फोटो खिंचाने के लिए दिखावा से बचे। श्री साहू ने वोकल फॉर लोकल पर भी ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, जनपद सभापति रवि सिन्हा, भाजपा नेता रूपसिंह सिन्हा, मछुवारा संघ प्रदेश कोषाध्यक्ष नेतराम निषाद, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर और पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू मंचासिन रहे।अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत भाजपा नेता निर्मल जैन, नरेश केला, मेघनाथ सागरवंशी, भगवान चंद्राकर, बेनीराम साहू, अरुण चंद्राकर, पूर्णेंद्र सिन्हा, चंद्रिका चंद्राकर, जिनेश जैन, अंगेश्वर साहू, लूभम बंछोर, देवानंद देवांगन, यशवंत यादव, तीरथ पटेल, अभिषेक सेन, प्रदीप धनकर, गायत्री यादव और मनीष जैन ने किया। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने मार्गदर्शन दिया। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने स्वागत भाषण में अपनी बाते रखी ।

### तय हुए कार्यक्रम

मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू और महामंत्री निर्मल जैन ने बताया कि भाजपा नेता योगेश्वर साहू गुमान साहू के नेतृत्व में 17 सितम्बर को कौही मंदिर की साफ सफाई करके मंडल स्तरीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। 17 सितम्बर को ही रानीतराई जामगांव आर बेलहरी बटरेल भरर के स्कूल कॉलेजों में चित्रकला प्रतियोगिता समिति अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। 20 सितंबर को मण्डलस्तरीय एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण जामगांव आर में भगवान सिंह चंद्राकर मुकेश साहू के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। बटरेल में रक्त दान शिविर संभावित है।23 सितम्बर को सुरपा में स्वास्थ शिविर का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नारद साहू एवं मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन के नेतृत्व में आयोजित होना तय किया गया। 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी और 2 अक्टूबर को निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू जनपद सभापति रवि सिन्हा के मार्गदर्शन में गांधी जयंती मनाई जाएगी। संचालन मंडल महामंत्री निर्मल जैन एवं आभार सेवा पखवाड़ा संयोजक जिनेश जैन ने किया।

## रजत जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

■ स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में हुआ आयोजन

स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्षों के गौरवपूर्ण उपलक्ष्य पर भव्य रजत जयंती समारोह का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने कहा कि हमारे विद्यार्थी छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक को महाविद्यालय में प्रस्तुत करके यह प्रमाणित कर चुके हैं कि वे न केवल कुम्हारी या छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे, बल्कि पूरे भारत में महाविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे। मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग ने कहा – ₹तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। श्रीमती मीना वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने युवाओं को सजगता एवं निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का पालन करने का आह्वान किया। डॉ. नीता बाजपेयी, राज्य संयोजक एन.एस.एस., ने ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ का संदेश देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है। बच्चे 2047 को दृष्टिगत रखते हुए इसे आगे बढ़ाने की दूरदृष्टि से सोचें। जगजीत कौर सलूजा, प्रोफेसर अग्रणी महाविद्यालय, दुर्ग ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए लोगों को प्रेरित किया। कल्पविद्या एन जी ओ से डॉ. वंदना खरे ने 'विद्यादान ही महादान' के आदर्श को साझा किया। लोकेश साहू पार्षद एवं जन भागीदारी अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि जीवनभर सीखने की प्रक्रिया को न छोड़ें। समारोह में सांसद प्रतिनिधि प्रवीण राव , मिथलेश यादव और पार्षद अश्वनी ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और 2047 के लिए छत्तीसगढ़ के उज्वल भविष्य पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. अमृता पाठक ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मौसमी राय चौधरी ने किया।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## स्वरूपानंद महाविद्यालय में दस दिवसीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम



**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा, श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, भिलाई के सहयोग से दस दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण का आयोजन कर रहा है, जिसका शीर्षक है 'लैब और क्लिनिक को जोड़ना' डायग्नोस्टिक माइक्रोबायोलॉजी और पैथोलॉजी में इंटर्नशिप प्रशिक्षण। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी और पैथोलॉजी की बुनियादी एवं उन्नत प्रयोगशाला तकनीकों से परिचित कराना है। विद्यार्थियों को नैदानिक नमूनों के सुरक्षित संकलन, प्रसंस्करण और विश्लेषण की विधियों का अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही, उन्हें माइक्रोफ्लोरा की पहचान, आईएमवीसी टेस्ट, टीएसआईए माध्यम पर एंटेरिक पैथोजेन्स की पहचान, फंगल और पैरासाइटिक परीक्षण तथा रोग निदान से संबंधित केस स्टडीज़ पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. शमा अफ़रोज़ बैग ने बताया कि इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को प्रयोगशाला सुरक्षा एवं जैव-अपशिष्ट प्रबंधन की समझ विकसित होगी। उन्हें रक्त, मूत्र, मल, थूक आदि नैदानिक नमूनों की जाँच विधियों का अनुभव मिलेगा। विद्यार्थी बैक्टीरिया, फफूँद, वायरस और परजीवियों की पहचान की तकनीकों से परिचित होंगे तथा नैदानिक रोगों के निदान एवं उपचार में प्रयोगशाला की भूमिका को समझ सकेंगे।

## भारती विश्वविद्यालय में साक्ष्य विश्लेषण पर हुआ विशेष व्याख्यान




**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में फोरेंसिक साइंस विभाग एवं विधि संकाय द्वारा आईक्यूएसी सेल के सहयोग से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक एफएसएल की संगठनात्मक शाखाएं और साक्ष्य विश्लेषण में उनकी भूमिका का महत्व था। मुख्य वक्ता डॉ. मोहन पटेल वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी क्राइम सीन यूनिट दुर्ग थे। डॉ. पटेल ने कहा कि घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करना फोरेंसिक लैब में इनका परीक्षण करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अधिकांश मामलों में लैब में दुबारा परीक्षण करना तो मुमकिन होता है, लेकिन घटनास्थल एक बार बिगड़ जाये तो वहाँ से उपयुक्त भौतिक साक्ष्य हासिल कर पाना कभी संभव नहीं होता है, इसी के मद्देनजर, राज्य के हर जिले में एफएसएल की क्राइम सीन यूनिट स्थापित की जा रही हैं। फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. पटेल ने एफएसएल की विभिन्न शाखाओं में भौतिक एवं बायोलॉजिकल साक्ष्यों जैसे हिट एंड रन दुर्घटना आदि मामलों में पेंट एवं पेंट चिप्स, कांच, मिट्टी का भौतिक परीक्षण,सीमेन्ट आदि का तुलनात्मक परीक्षण, मोर्टार और कंक्रीट का परीक्षण, प्रामाणिकता या जाल-साजी को सिद्ध करने के लिए दस्तावेजों का परीक्षण, आग्नेयास्त्रों से दागे गए गोलाबारुद के अवशेषों का परीक्षण,शराब के नमूनों में अल्कोहल की मात्रा, पेट्रोलियम उत्पादों मे मिलावट की जाँच, एनडीपीएस का परीक्षण, रक्त, वीर्य, लार, पसीना, मल-मूत्र इत्यादि का परीक्षण की जानकारी दी।

## विद्यार्थियों की रोलर स्केटिंग में उपलब्धि, जीते कई पदक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

भिलाई नायर समाजम में आयोजित "द्वितीय दुर्ग जिला रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप" में विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा अनुमोदित तथा दुर्ग रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी। विद्यार्थियों ने इस चैम्पियनशिप में कुल 3 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 1 कांस्य पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। पदक विजेता विद्यार्थियों में दुव्यंत कौशल, देवांश कुमार जैन, अर्जुन जैन एवं वेदांत जैन शामिल है।विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य तथा संपूर्ण स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के सदस्य बने ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

छत्तीसगढ़यि क्रान्ति सेना की बैठक जिला सचिव भूपेंद्र साहू व जिला संगठन मंत्री मनीराम साहू की उपस्थिति में सामुदायिक कर्मा भवन बाजार चौक सेलुद में हुई। जिसमें सेलुद के सैकड़ों युवाओं ने संगठन की सदस्यता ली।

क्रान्ति सेना के चेतन चंदेल ने कहा कि दूसरे प्रदेश से आकर छत्तीसगढ में शांति से अपना काम काज चलाये तो छत्तीसगढिया लोगों को कोई दिक्कत नहीं है। जिला अध्यक्ष मधुकांत साहू ने एक मुट्ठी चांवल और दस रुपये की राशि घर घर मांगकर ग्राम सेलुद में छत्तीसगढ महतारी की मूर्ति की स्थापना की बात कही। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अशोक साहू ने छत्तीसगढ़िया समाज की एकजुटता की बात कही। संगठन में पाटन खंड अध्यक्ष घनश्याम नेताम, जिला महामंत्री बबलू साहू के अनुसंसा में ग्राम सेलुद के संगठन प्रमुख के रुप में रुपेश कुमार( ईशु) साहु को सर्वसम्मति अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। साथ ही लोकेश साहू, गगन यादव, योगेन्द्र ठाकुर को भी दिया गया विशेष पद दिया गया।इस अवसर पर सेलुद के सैकड़ों लोगों ने क्रान्ति सेना की सदस्य भी ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से लोकेश कुमार साहू,गगन यादव, कालेश्वर प्रसाद शुक्ला, मोहित साहू, देवेंद्र साहू, संतराम ठाकुर, अमन साहू, मुग़लकिशोर ठाकुर, विकाश ठाकुर, योगेश ठाकुर, पुणेश ठाकुर, आर्यन ठाकुर, भूवेश साहू, साहिल यादव मिंटू ताम्रकार,योगेश यादव, भोलेश यादव, शिव विश्वकर्मा, पीयुष वर्मा,अमन ठाकुर मोहित साहु दीपक साहु डिकेन्द्र साहु पुनमचंद साहु हिम्मत यादव रेवाराम साहु प्रितम ठाकुर जितेन्द्र साहु योगेन्द्र ठाकुर हितेश हिररेन्द्र पेखन विजय साहु संतोष दीपक सोहन महेश दीपक यादव कुलदीप राजेन्द्र यादव इन्द्रजीत कमल नारायण शुभम् हिम्मत गिरिश खिल्लु पूरब ठाकुर, येशु यादव नीतू बंछोर, मुस्कान बंछोर के साथ ड्राइवर संघ के जिला अध्यक्ष नागराज साहू व जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़े भी उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर प्रधानपाठक सम्मानित

**अंडा।** शिक्षक दिवस पर आमापारा बालोद में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा को उत्कृष्ट विद्यालय का सम्मान प्राप्त हुआ। प्रधान पाठक लीना देवांगन एवं स्टाफ महेंद्र कुमार साहू , हीरालाल साहू एवं राकेश कुमार साहू ने यह सम्मान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से प्राप्त किया। इसके साथ ही प्रधान पाठक लीना देवांगन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा को उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान भी उपस्थित विकासखंड शिक्षा विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव एवं श्री साहू जिला शिक्षा अधिकारी जिला बालोद के हाथों प्राप्त हुआ। इस दौरान जिला पंचायत बालोद मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चंद्रवंशी एवं उपस्थित पांचो विकास खंड शिक्षा अधिकारी ,गुंडरदेही एवं संजारी बालोद विधायक, सिरसिदा सरपंच सरस्वती चंद्राकर ,उप सरपंच दामिनी चंद्राकर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद चंद्राकर, शर्मा एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं दी।



## साक्षरता दिवस का बताया महत्व, विद्यार्थियों ने ली शपथ



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार ने इस दिवस का महत्व बताया। विद्यार्थियों एवं सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की प्रतिज्ञा पर आधारित शपथ ग्रहण कराई गई। प्राचार्य डॉ.संगीता मेहूरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिकाओं को शिक्षा को अपना मूल हथियार बनाने की आवश्यकता है। इसके पश्चात प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मानव सभ्यता के विकास क्रम पर आधारित लघु चलचित्र भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


**।। न्यायालय, तहसीलदार, बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ।।**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.- 202509102700009/ ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र कुमार पिता भावगत राम, निवासी- ग्राम बिरेझर, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 24/07/1997 को स्थान ग्राम बिरेझर, तहसील बोरी में जन्म हुआ है। जन्म का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः संबंधित विभाग में जन्म/ मृत्यु का पंजीयन करने हेतु स्थनीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) सहपठित छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) के अंतर्गत आदेश देने हेतु आवेदन पत्र मय शपथपत्र, पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन, सांख्यिकीय कार्यालय से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, थाना रिपोर्ट की कॉपी सहित संलग्न कर इस न्यायालय के समक्ष निवेदन किया गया है। प्रकरण दर्ज किया जावे। प्रकरण में दैनिक समाचार पत्र ईश्तहार का प्रकाशन किया जावें, जो कि न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः देवेन्द्र कुमार पिता भावगत राम का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेश जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समया में स्वंय अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 19/09/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी
तहसील-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**।। न्यायालय, नायब तहसीलदार, दुर्ग-4 जिला-दुर्ग (छ.ग.) ।।**

रा.प्र.क्र./ 202508104100038/ अ-21(1)/वर्ष-2024-2025

ग्राम- मोहलई प.ह.नं. 02

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय ,अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग के पृष्ठां. क्रमांक 6098, दिनांक-25-7-2025 के माध्यन से आवेदक हितेश कुमार नेताम पिता श्री रामकुमार नेताम निवासी वार्ड-33 शिवपारा माँ बम्लेश्वरी मंदिर के पास दुर्ग (छ.ग.) का आवेदन पर जांच पश्चात प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त आवेदन में आवेदक द्वारा अपने स्वयं के द्वारा खरीदी गई भूमि ग्राम मोहलई जिला दुर्ग में स्थित लगभग 60 डिसमिल जिसका खसरा नंबर 205 रकबा 0.24 हेक्टेयर भूमि को श्री श्रीराम साहू पिता स्व. श्री उमाशंकर साहू सत्तीचौरा दुर्ग को बेचने का सौदा किया गया है। उक्त भूमि को आवेदक अपने पिता श्री रामकुमार नेताम जी की तबीयत पिछले 03 वर्षों से किडनी का ईलाज कराने दुर्ग एवं भिलाई के सरकारी एवं प्रायवेट हास्पिटल में ईलाज कराने के बाद भी ठीक नहीं हुआ है। डॉक्टरों के राय पर चेन्नई में ईलाज कराया गया जो वर्तमान में ठीक है तथा 03 महीने के महीने चेकअप के लिये चेन्नई जाना पड़ता है जिसमें खर्च लगभग 09 लाख हो गया है जिसके वहन करने में असमर्थ होने से पिता के ईलाज पर उक्त भूमि को आदिवासी से गैर आदिवासी को बेचने हेतु अनुमति हेतु निवेदन किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदिजिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि आवेदक को ग्राम मोहलई स्थित भूमि खसरा नंबर 205 रकबा 0.24 हेक्टेयर (60 डिमिल) भूमि को विक्रय करने की अनुमति के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16.9.2025 को लिखित में अपना अपत्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदनपत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक: 25/8/2025
पेशी दिनांक : 16/9/2025

नायब तहसीलदार
दुर्ग-4 (दुर्ग)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**:: सूचना पत्र ::**

क्रमांक 97/ रा.नि. / 2025

कोहका, दिनांक 09.09.2025

**प्रति,**

आवेदक 1- श्रीमती प्रतिभा शर्मा ध.प. श्री संतोष शर्मा,
2- हरि ताम्रकार,
3- मुन्ना कुरैशी,
4- संजय सिंह

**विषयः-** सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम कुरूद, प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 990/9, 990/10 रकबा 0.0130, 0.0222 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्ति तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1158 दिनांक 18.08.2025 के परिपालन में दिनांक 24.09.2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक, कोहका

*सेल की सबसे बड़ी यूनिट भिलाई इस्पात संयंत्र के आफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव का न सिर्फ बीएसपी के अधिकारी सदस्यों बल्कि सेफी के सभी अधिकारियों को भी बेसब्री से इंतजार है। उन्नीस सितंबर को होने वर्ष 2025-27 के लिए होने वाले इस निर्वाचन के लिए ओए अध्यक्ष के पद के लिए नेक टू नेक मुकाबला है। अध्यक्ष पद के लिए बीएसपी के महाप्रबंधक नरेंद्र कुमार बंछोर (एमएआरएस) और उप महाप्रबंधक (ईडीडी) मुकेश कुल्मी प्रत्याशी हैं। अपनी आकर्षक छवि के चलते फौलादी इरादों से लबरेज दोनों ही उम्मीदवार प्रबंधकीय कौशल के साथ सदस्यों के बीच चिरपरिचित होने के कारण अच्छी पकड़ रखते हैं। 30 दशक का इंजीनियरिंग अनुभव रखने वाले चार दफा ओए के अध्यक्ष रह चुके सेफी चेयरमेन श्री बंछोर पांचवी बार चुनाव मैदान में हैं, वहीं वर्ष 2007 में जोनल प्रतिनिधि रह चुके लंबा अभियांत्रिकी तुजुर्बा रखने वाले तालपुरी ए ब्लाक सोसायटी के महासचिव श्री कुल्मी पहली बार ओए अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे हैं। श्री बंछोर अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और सदस्यों से जुड़े आगामी मुद्दों के लेकर सदस्यों के बीच जा रहे हैं वहीं श्री कुल्मी भी उनके पिछले कार्यकाल के लंबित मुद्दों को आड़े हाथ लेते हुए सदस्यों के हितों के लिए उन्हें एक बार मौका देने की अपील कर रहे हैं। हरिभूमि ने दोनों प्रत्याशियों से चुनाव लड़ने के मकसद,उनके चुनावी मुद्दों और विजन को लेकर चर्चा की।*

# एनपीएस में सेल प्रबंधन के 3% अंशदान को बढ़ाकर 9% प्रतिमाह कराने करेंगे प्रयास : एनके बंछोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



**सवाल:** आपके 5 वीं मर्तबा ओए अध्यक्ष चुनाव लड़ने का क्या उद्देश्य है और सदस्यों में कैसा रिस्पांस मिल रहा है।

**जवाब:** पिछले 18 साल से सदस्यों के 4 बार अध्यक्ष के रुप में विश्वास हासिल करने के साथ विभिन्न पदों पर सक्रिय होने से अधिकारियों के हितों से अच्छी तरह परिचित हूं। इस दौरान कई उपलब्धियां हासिल हुईं आगे कई मुद्दों के त्वरित निदाने के लिए सदस्यों फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। प्रचार के दौरान वर्क्स और नान वर्क्स में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

**सवाल:** प्रमुख चुनावी मुद्दे क्या हैं और जीत की रणनीति क्या है।

**जवाब:** पिछली कमेटी भी सदस्यों के हितों के लिए भिलाई से दिल्ली तक संघर्ष कर कई समस्याओं का निदान कराया आगे भी बाकी मुद्दों के लिए इसी स्पीड से काम करते रहना हमार रणनीति है। चौथे पीआरसी के तहत बेहतर वेज रिविजन कराने के साथ कार्मिकों के लिए हार्डशिप एलाउंस प्रारंभ करवाना भी हमारा संकल्प है। सेल पेंशन स्कीम के तहत एनपीएस में सेल प्रबंधन के 3% अंशदान को बढ़ाकर 9% प्रतिमाह कराने 1 जनवरी 2007 से लेकर 15. 9.2021 तक फंड ट्रांसफर होने के अवधि का क्षतिपूर्ति ब्याज का प्रयास होगा। वर्ष 2023-24 के पीआरपी का भुगतान सितम्बर के अंतिम सप्ताह में संभावित है। वित्त 2023-24 का पीआरपी पीबीटी का 5% मिलना है। 2018-19 के 2: इंक्रीमेंटल पीआरपी दिलवाने का प्रयास होगा।

**सवाल:** पर्क्स विलंब में ब्याज व जेओ बैचेस की विसंगति जैसे लंबित समस्याओं पर क्या करेंगे?

**जवाब:** 11 माह के पर्क्स के भुगतान में हुए 15 वर्षों के विलंब पर ब्याज की राशि दिलाने, कार्मिकों के लिए एक समान हाउस रेंट एलाउंस पालिसी लागू करवाकर एचआरए प्रारंभ करवाने के लिए नए सिरे से प्रयास करेंगे। वहीं जिन इकाईयों में ईपीएस-95 के तहत हायर पेंशन लागू नहीं हुआ है उन इकाईयों में इसे लागू करवाने के लिए प्रयासों को तेज किया जाएगा। वहींजेओ बैचेस की नोशनल सीनियारिटी दिलवाने समूह में इंडस्ट्रीयल टूर की सुविधा के साथ जेओ बैचेस के कुछ अधिकारियों की वेतन में असमानता की समस्या को दूर करवाया जाएगा।

**सवाल:** सेक्टर 9 हास्पिटल में डाक्टरों की कमी सहित चिकित्सा सुविधा गिरावट पर क्या करेंगे?

**जवाब:** जेएलन अस्पताल में डाक्टरों व आवश्यक स्टाफ नियुक्ति के लिए प्रयास के साथ मेडिक्लेम सुविधा में विस्तार किया जाएगा। साथ ही सीपीएफ राशि पर ब्याज पर टैक्स छूट की सीमा को 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने,एचए पर्क्स की समाप्ति और सेल में एक समान अवकाश पालिसी के लिए हमारी टीम पूरी कोशिश करेगी। इसके अलावा वर्क लाइफ बैलेंस के लिए हमारी टीम ने अब तक अधिकारियों के पदोन्नति को बेहतर बनाने का तथा अधिक कवरेज प्रदान करने का सफल प्रयास किया है। इसी कड़ी में अधिकारियों के अधिक बेहतर प्रमोशन पालिसी के निर्माण हेतु प्रयास किए जाएंगे।

**बीएसपी ओए चुनाव 2025**

**सवाल:** टाउनशिप में अधिकारियों को आवास किल्लत व फिर से अवैध कब्जे हटवाना क्या आपकी प्राथमिकता में नहीं है।

**जवाब:** हमारी पिछली टीम ने बड़े मकानों पर निरंतर हो रहे कब्जे के संदर्भ में उच्च प्रशासनिक प्रयासों को बखूबी अंजाम दिया है जिसके बेहतर परिणाम मिले हैं। इससे हमारे अधिकारियों को बेहतर आवास व सुविधाएं दिलाने के लिए अपने संकल्प को पूर्ण कर पाएंगे। टाउनशिप में क्वाटर्स का लाइसेंसिंग बढ़ाने के साथ मकानों का लीज नियमितीकरण व खाली पड़े सार्वजनिक भवनों के समुचित उपयोग करने पर भी हमारी टीम पुरजोर कोशिश करेगी।

**सवाल:** पिछली दफा निर्विरोध जीते थे, इस बार मुकाबले पर कैसा अनुभव कर रहे है।

**जवाब:** समर्पित भाव से काम करने के लिए सदस्यों ने मुझे 4 बार अध्यक्ष के रुप में अवसर दिया। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। ओए की गरिमा प्रत्याशियों को स्नेह व सक्रियता की कसौटी पर परखने की रही है। इस बार भी सदस्यों के हितो की कसौटी पर खरा उतरने का भरोसा है।

# अधिकारियों के अहम मुद्दों का प्रबंधन स्तर पर त्वरित हल मेरी मेरी पहली प्राथमिकता है : मुकेश कुल्मी



**सवाल:** आपके चुनाव लड़ने का मकसद क्या है और 4 बार के अध्यक्ष रहे अपने प्रतिद्वंद्वी से जीत के लिए कैसी रणनीति अपनाएंगे।

**जवाब:** मेरा उद्देश्य हमारे सदस्यों यानी बीएसपी के अधिकारियों के हितों और सुविधाओं से जुड़ा है। एक जागरूक सदस्य होने के नाते मैं संगठन स्तर पर अधिक मजबूती से सदस्यों के जायज मुद्दों को प्रबंधन से सुलझाने का आग्रह कर सकता हूं। सभी सदस्यों की मुझसे ऐसी ही अपेक्षा है। बीएसपी के मेरे अधिकारी समूह के ज्वलंत मुद्दे, जिनका हल पिछले दस साल से वर्तमान ओए कमेटी नहीं दे पाई है,उन्ही मुद्दों का सरल व्यावहारिक हल मेरे कार्यकाल में करने का लक्ष्य है। चुनाव मैदान में कौन कितनी बार जीता यह महत्वपूर्ण नहीं बल्कि पिछली कमेटी ने अपने कितने वादे पूरे किए, इसे सदस्य याद रखते हैं। सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए जीतने के लिए मेरी कोई बड़ी रणनीति नहीं है बल्कि सभी सदस्यों का विश्वास ही मेरी रणनीति है।

**सवाल:** किन प्रमुख मुद्दों को लेकर आप वोटर्स यानि सदस्यों के बीच जा रहे हैं और कितना प्रतिसाद मिल रहा है।

**जवाब:** मेरे प्रमुख मुद्दे सदस्यों के हितों से ही संबद्ध हैं। सभी अधिकारियों के क्वाटर्स की अच्छे से मरम्मत, साफ सफाई और इसके स्तर को बढ़ाना है। सभी अधिकारियों का किराया भत्ता फिर से प्रारंभ करवाना है। पुरानी कमेटी हायर पेंशन का मुद्दा नहीं सुलझा पाई है। कोर्ट के अलावा कमेटी ने क्या किया। मेरी प्राथमिकता अधिकारियों को जल्द ईपीएफओ हायर पेंशन का लाभ दिलवाना है।

**सवाल:** चुनाव में जेएलएनएन अस्पताल व स्वास्थ्य सुविधाओं के गिरता स्तर को सदस्य एक बड़े एजेंडे के रुप में बता रहे है, क्या आपकी प्राथमिकता में यह समस्या है?

**जवाब:** सेक्टर 9 हास्पिटल में डाक्टरों के रिटायर होन से चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से असुविधा हो रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि और अच्छे अस्पताल में रेफरल की सुविधा और साथ में कंपनी से मेडिक्लेम की भी सुविधा दिलवाना मेरी प्राथमिकता होगी। सदस्यों का सहयोग व साथ मिलने पर इस दिशा में प्रबंधन से मिलकर सकारात्मक पहल की जाएगी।

**सवाल:** अधिकारियों के पुराने आफिसों से परेशानी और प्लांट के अंदर कैंटीन की समस्या अधिकारियों की एक पुरानी समस्या रही है। क्या यह आपके मुद्दे में शामिल नहीं है।

**जवाब:** निश्चित रुप से अधिकारियों के लिए लिए संयंत्र के अंदर सुविधायुक्त कैंटीन उपलब्ध करवाना और स्तरीय मैन्यू की सुलभता से उन्हें सुविधा होगी। जिन कार्यालय में फ्लेक्सी टाइमिंग संभव है, वहां यह सहूलियत प्रोवाइड करवाई जाएगी। अफसरों को आफिसेस ही नहीं बल्कि कार्य स्थलों को अपडेट करवाने का भी प्रयास किया जाएगा। इनके उन्नयन से कार्य करने में सुविधा बढ़ने से अधिकारियों का मोराल भी बढ़ेगा। इसके अलावा अधिकारियों को एकमुश्त पीआरपी नहीं मिलने से असंतोष है, मैं एकमुश्त पीआरपी दिलवाने कोशिश करुंगा। प्लांट में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ बीएसपी वेब पेज पर ओए का पोर्टल भी बनाया जाएगा ताकि अधिकारियों की तकलीफों व समस्याओं का निदान हो सके।

**सवाल:** मुद्दों को हल करने के लिए प्रबंधन को किस तरह कन्वेंस करेंगे?

**जवाब:** अधिकारियों के हितों के लिए प्रबंधन से सकारात्मक पहल कर सभी मुद्दों का क्रियान्वयन किया जा सकता है। सदस्यों का विश्वास अर्जित करने वााले मुखिया से उन्हें ऐसी ही उम्मीद होती है।

**सवाल:** आप पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि आपके प्रतिद्वंद्वी के पास 5 बार का अनुभव है, इस मुकाबले को किस तरह देख रहे हैं।

**जवाब:** मेरा ही नही आम सदस्यों का सोच है कि दस साल तक अध्यक्ष रहने के बाद अपने जूनियनर अधिकारियों के हितों के लिए काम करने का अवसर देना चाहिए। यदि एक ही व्यक्ति इतने लंबे समय तक पद पर रहेंगा तो बाकी सदस्यों को सांगठनिक व लीडरशिप का अनुभव कैसे मिलेगा। कल के दिन ओए व सेफी चेयरमेन से भी रिटायर हो जाएंगे। बाकी अधिकारी जब पदाधिकारी नहीं बनेंगे तो सेफी अध्यक्ष भी कैसे बनेंगे। आम सदस्यों ने मुझे इसी सोच के तहत जिताने के लिए चुनाव मैदान में उतारा है।

## खबर संक्षेप

### काकोली विंग्स आफ स्टील अवार्ड से सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक काकोली राय को भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) द्वारा जेंडर और डायवर्सिटी श्रेणी में विंग्स आफ स्टील पुरस्कार दिल्ली में आयोजित आईएसए स्टील कान्क्लेव में प्रदान किया गया। उन्हें इस्पात क्षेत्र में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन में काकोली ने प्रमुख पैनल चर्चाओं में भी भाग लिया। हरित इस्पात प्रौद्योगिकियों, कच्चे माल की सुरक्षा, इस्पात मूल्य श्रृंखला में एआई एकीकरण, वैष्विक व्यापार चुनौतियों और डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियों पर चर्चा हुई।

### जेएलएन हास्पिटल में राजभाषा कार्यशाला

**भिलाई।** बीएसपी जेएलनएन राजभाषा कार्यशाला का आयोजन हुआ। ईडी डां. रविन्द्रनाथ एम. के मुख्य अतिथि व अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी थीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. उदय कुमार, महाप्रबंधक राजीव कुमार विशेष अतिथि थे। डां. रविन्द्रनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। महाप्रबंधक शाहिद अहमद, प्रशान्त तिवारी, संजय दवे व अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे। डां. उदय कुमार ने स्वागत भाषण दिया। डां द्विवेदी ने कहा कि, विश्व के सभी विकसित देश अपनी भाषा में ही संवाद करते हैं और कार्य करते हैं। राजीव कुमार ने कहा कि, हिंदी में कार्यालयीन कार्य एवं पत्रचार करना हमारा संवैधानिक दायित्व है।

# सेवा पखवाड़ा में प्रबुद्ध सम्मेलन, दिव्यांग किट वितरण एवं रक्तदान शिविर होंगे




**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशन में भाजपा जिला भिलाई का सेवा पखवाड़ा कार्यशाला सम्मपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय थीं। कार्यशाला की अध्यक्षता पुरुषोत्तम देवांगन ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशेष रूप से मौजूद थे। पांडेय ने जानकारी दी कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को ऐतिहासिक व भव्यता प्रदान करते हुये मोदी के विजन सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुये सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलेगा। हम प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़ा मनाते हैं, परन्तु इस वर्ष का सेवा पखवाड़ा हम सबके लिए ऐतिहासिक रहेगा। स्वच्छता अभियान एवं रक्तदान शिविर से प्रारंभ किया जायेगा।

# बीमारियों की रोकथाम करने किया छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत मौसमी बिमारियों की रोकथाम हेतु निगम का स्वास्थ्य अमला लगातार वार्डो में जाकर सर्वे कर रहे है। बरसाती पानी के जमाव से होने वाले मौसमी बिमारियों की रोकथाम हेतु दवाई छिड़काव निरंतर जारी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर वार्ड क्रं. 18 कांट्रेक्टर कालोनी क्षेत्र के बजरंग चौंक, सड़क 21 संगीता किराना स्टोर एवं आमोद भवन के आस-पास घरों में डोर-टू-डोर जाकर कुलर, शौचालय, बाथरूम, नालियों, कंटेनर, पानी की टंकियों का जांच किया जा रहा है। जहां भी बरसात का पानी भरा हुआ पाया जा रहा है, उसे खाली कराया जा रहा है। डेंगू, मलेरिया के बचाव एवं जिला मच्छर उन्मूलन टीम द्वारा मैलाथियान, टेमीफास, जला आयल का छिड़काव किया जा रहा है। निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह के नेतृत्व में नागरिको को स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान किया जा रहा है। साथ ही यह भी समझाइस दी जा रही है किसी प्रकार के बिमारी का लक्षण दिखे तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच कराए और डाक्टर की सलाह से दवा का सेवन करें। पानी उबालकर पीये, गरम भोजन करें, बाहर के खादय पदार्थ के सेवन से बचें। निगम द्वारा 1 अप्रैल से आज दिनांक तक कुल 9650 घरो का सर्वे कर 33104 कूलर, टंकी, ड्रम, कन्टेनर का जाँच कर 4959 खाली कराया जा चुका है।



# विशाखाट्टनम प्लांट के निजीकरण का होगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

■ स्टील वर्कर्स फेडरेशन सीटू के सम्मेलन में निर्णय

सीटू भिलाई के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन में विशाखापट्टनम स्टील प्लांट का निजीकरण के विरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया। केंद्र सरकार सार्वजनिक उद्योगों को खत्म कर उसे औने पौने दाम पर अपने निजी कॉर्पोरे को सौपना चाहती है इसके खिलाफ पूरे देश में संघर्ष को तेज करना होगा। सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों और राउरकेला के कार्मिकों ने सड़क पर प्रदर्शन भी किया। सम्मेलन मेंसरकार के निजीकरण के कदम का प्रतिकार करने के लिए, संयंत्र में कार्यरत सभी ट्रेड यूनियनों और संघों ने "उक्कू परिरक्षक संघर्ष समिति " के नाम से एक संयुक्त संघर्ष मंच का गठन किया और 100% निजीकरण के सरकारी फैसले का सामना करने के लिए विभिन्न आंदोलन कार्यक्रम किए गए।

# वार्ड 30 का प्राइमरी स्कूल और मदर टेरेसा नगर स्कूल जर्जर, निगम आयुक्त राजीव ने संधारण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पार्किंग व्यवस्था, शासकीय स्कूल एवं उद्यान में वृक्षारोपण का आयुक्त ने किया निरीक्षण। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा तीन दर्शन मंदिर के आस-पास रिक्त स्थलों का निरीक्षण कर पार्किंग की व्यवस्था बनाने हेतु उपस्थित जोन आयुक्त येशा लहरे को निर्देशित किए हैं। चर्चा अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वृक्षारोपण करने एवं पार्किंग स्थल का निर्माण पश्चात किराया निर्धारण करने निर्देशित किए हैं, जिससे निगम की आय में वृद्धि की जा सके। आयुक्त ने वार्ड पार्षद एवं प्रधान पाठक के निवेदन पर 18 नंबर रोड वार्ड क्रं. 30 सुभाष चौंक शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर जर्जर हो रहे भवन को तोड़कर समतलीकरण कराने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किए है। वार्ड क्रं. 30 केम्प-2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं वार्ड क्रं. 31 मदर टेरेसा नगर का अवलोकन किया गया। स्कूल के कक्ष का सिलिंग उखड़ कर गिर रहा है, जिसका संधारण एवं अन्य आवश्यक कार्य कराने हेतु कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किए है।



### उद्यान में असामाजिक गतिविधियां

वार्ड क्रं. 31 जयंती उद्यान में वूमेन फार ट्री योजना अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य कराया जा रहा है, जिसका निरीक्षण कर आयुक्त ने स्वयं पौधा रोपण किया। उक्त उद्यान में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, उनके द्वारा निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है। इसके लिए आयुक्त ने निगम से एक सुरक्षा गार्ड नियुक्त किये जाने के संबंध में चर्चा किए है। यदि उद्यान में असमाजिक गतिविधि या गलत कृत्य करते हुए पाये जाते हैं, तो तत्काल संबंधित के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. दर्ज कराया जाएगा। नशे में संलिप्त या नशे के उद्देश्य से उद्यान जाने वाले असमाजिक व्यक्ति सावधान रहे, अन्यथा नगर पालिक निगम भिलाई संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी। नगर निगम की निगरानी टीम कभी भी निगम क्षेत्र के उद्यानों में निरीक्षण कर सकते हैं, कार्यवाही की जिम्मेदारी नशे में संलिप्त व्यक्ति की होगी। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुर्णमणी यादव, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित रहे।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पानी पाउच पर लगे प्रतिबंध का सख्ती से हो पालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आम आदमी पार्टी ने सिंगल यूज प्लास्टिक और पानी पाउच पर लगे प्रतिबंध का सख्ती से पालन की मांग की है। लोकसभा उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंग ने बताया कि 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू किया है। बावजूद इसके देखने मे आ रहा है कि 100 माइक्रॉन से कम के तमाम थैली, डिस्पोजल, पानी पाऊच धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। सरकारी तंत्र आम ठेले खोमचे एवं डेली नीड्स की दुकानों पर बाजारों में फल वालो पर जुर्माना लगाकर खानापूर्ति करने और सरकारी कोष भरने में लगा है। शराब दुकानों के आसपास कभी सुबह आपका आना जाना हो तो आप इसका सबूत अपनी आंखों से देख सकते हैं। इसे लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। डॉ. एसके अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के पाउच खरीदकर प्यास बुझाने वाले लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इनको टाइफाइड, डायरिया, पेचिश, गले व पीलिया आदि रोग हो सकते हैं। पाउच का पानी 5 से 6 दिन बाद पीने योग्य नहीं रहता है। इसे कैसे बनाते हैं और क्या-क्या प्रयोग करते हैं। इसकी जांच के बाद ही सही जानकारी हो सकेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में मेहरबान सिंह, के ज्योति, रऊफ अंसारी, मनीष मिश्रा, सोनू यादव, हरचरण सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, कमल दुबे, बलविंदर सिंह, देवेंद्र बिजलेकर सहित अन्य शामिल थे।




online Booking:-www.tripuryatra.com
तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
12 सितम्बर दिन शुक्रवार, समय : 10.30 से 4 बजे
तसकर हेल्थ केयर, आर्य नगर, गंगोत्री हॉस्पिटल के सामने, देना बैंक के बाजू, दुर्ग
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
● रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
● घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
● कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया, एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया, एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

जेन जेड की कदमताल

लाइव इवेंट

## शिक्षकों के सम्मान के साथ हिन्दी परिषद का गठन



**दुर्ग।** गर्ल्स कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी परिषद् का गठन एवं शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक न सिर्फ हमें शिक्षा देते हैं, बल्कि वह हमेशा हमें अच्छा इंसान बनाने की भी करते हैं। उनकी कही बातें ही हमारे जीवन को निखारती है। वे हमारे भविष्य को आकार भी देते हैं। हमें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। हमें जीवन के हर नए मोड़ पर आने वाली सभी कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। डॉ. सुषमा यादव ने डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ज्योति भरणे ने कहा कि शिक्षक हमें न केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की शिक्षा देते हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। परिषद् के पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष कविता मालेकर, उपाध्यक्ष हुनेश्वरी, महासचिव कविता ठाकुर, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सचिव नेहा वीमर व कोषाध्यक्ष पृथ्वी ढीमर को मनोनित किया गया। परिषद् प्रभारी ज्योति भरणे नियुक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यज्ञेश्वरी ध्रुव व आभार कविता मालेकर ने किया।

लाइव इवेंट

## 92 वर्षीय शिक्षक सुमन दवे को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



**भिलाई।** शिक्षक दिवस के दिन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम, नेहरू शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल न्यू खुर्सीपार के ऑडिटोरियम में शिक्षकों को सम्मानित किया। शिक्षकों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। इस सम्मान समारोह में छात्राओं ने सभी शिक्षकों व अतिथिगण का फूल और मालाओं से स्वागत किया।शाला के सभी शिक्षकों को मुख्य अतिथि मुरलीधर अग्रवाल पूर्व सदस्य राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया। भूषण साव जी को बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। 92 वर्षीय सुमन दवे को लाइफ टाइम अचीवमेंट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य प्रीति गुप्ता, शाला विकास व प्रबंधन समिति के संरक्षक अनिल सोनी, अध्यक्ष निर्मल साहू, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## रजत जयंती पर गुरु संग गोठ, साथ ही विकास में युवाओं के योगदान पर किया मंथन



**दुर्ग।** गर्ल्स कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह पर गुरू संग गोठ कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। राज्यगीत अरपा पैरी के धार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ धन-धान्य से परिपूर्ण है, इसलिए इसे थान का कटोरा कहा जाता है। सांस्कृतिक, साहित्यिक दृष्टि से छत्तीसगढ़ अत्यंत समृद्ध है। छत्तीसगढ़ के चहुमुखी विकास में विकास में हम सबका योगदान होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. जैनेन्द्र दीवान ने विकसित छत्तीसगढ़ के लिए युवाओं का योगदान विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास के आयामों में आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण शामिल है। जिसमें युवाओं को समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। अतिथि वक्ता डॉ. चांदनी मरकाम ने छत्तीसगढ़ी भाषा में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक दृष्टि से छत्तीसगढ़ को लघु भारत कहा जाता है। वैश्विक परिदृश्य में छत्तीसगढ़ का नाम है। कला एवं संस्कृति की दृष्टि से छत्तीसगढ़ विश्व विख्यात है। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने इस अवसर पर स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय छत्तीसगड़ी भाषा में प्रस्तुत किया। डॉ. रेशमा लाफेश ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध और गौरवशाली विरासत तथा छत्तीसगढ़ की गौरवगाथा पर प्रकाश डाला। विवि ने पीपीटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के इतिहास का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

● साइंस कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती समारोह में पुस्तक मेला और परिचर्चा का आयोजन

# विद्यार्थियों को हमेशा चिंतनशील रहना चाहिए, सपना ऐसा देखें कि रातों को नींद न आए, यही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी

**साइंस कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तक मेला के साथ परिचर्चा हुई, जिसमें विषय विशेषज्ञों ने अपने अनुभव शेयर किए। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेंद्र परिहार ने कॉलेज से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी को हमेशा चिंतनशील रहना चाहिए। उसे हर समय विषयों को जानने और समझने की भूख होनी चाहिए। हर समय मन में सवाल उठना चाहिए, उन सवालों का जवाब जब तक न मिले, अपने शिक्षकों से पूछते रहना चाहिए। जिला पंचायत की अध्यक्ष अमिता बंजारे ने कहा कि युवा सपना ऐसा देखें कि रातों की नींद उड़ जाए। लक्ष्य प्राप्ति तक बिना रुके पढ़ाई करते रहना चाहिए। यही सफलता की कुंजी है।**







महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश ने पिछले 25 वर्षों में अनेक उतार चढ़ाव देखें हैं। हमारे प्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह हम सभी का दायित्व है, कि अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश को आगे बढ़ाने में हम सभी यथा संभव योगदान करें।

**दुर्ग।** आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष की यात्रा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी इसे पूर्ण विकसित राज्य बनाने हेतु हर संभव योगदान करना चाहिये। बंजारे ने छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि सपना ऐसे होना चाहिये कि जिससे हमें नींद न आये ।आज भारत विश्व की चौथी बड़ी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती। आयोजन समिति के संयोजक डॉ. एके खान, डॉ. अभिनेष सुराना तथा सह-संयोजक डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि राधाकृष्णन सभागार में छत्तीसगढ़ 2050 तथा छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर दो सारगर्भित व्याख्यान हुए। प्रथम व्याख्यान में छत्तीसगढ़ 2050 पर पावर प्वाइंट प्रेजेटेंशन के माध्यम से प्रोफेसर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 25 वर्षों में हमारा प्रदेश विकसित प्रदेशों की श्रेणी में आ जायेगा। इस हेतु अधोसंरचना में वृध्दि सामाजिक समानता तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उन्नति की आवश्यकता है। दूसरे व्याख्यान में छत्तीसगढ़ 2047 में सहायक प्राध्यापक डॉ. कुसुमांजलि देशमुख ने बहुत ही अच्छे ढंग से 1947 में भारत की स्वतंत्रता के समय से 2047 तक की संभावित यात्रा का प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर उपस्थित जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी को देते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ को 2050 तक विकसित प्रदेश बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। शिवेन्द्र सिंह परिहार ने महाविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की स्थापना के रजत जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सदैव चिंतनशील रहना चाहिये। समाज के हित में विभिन्न मुद्दों पर सोचना चाहिये। कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए

### पुस्तक मेले का भी आयोजन, देशभर के 10 से ज्यादा प्रकाशक ले रहे भाग

पुस्तक मेला के आयोजन किया गया। डॉ. अजय सिंह ने कहा कि पुस्तक विद्यार्थियों की सच्ची मित्र होती है। अच्छी पुस्तकों के अध्ययन से विद्यार्थियों की दशा एवं दिशा दोनों में परिवर्तन संभव है। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती समय की माप नहीं है, बल्कि यह हमारे प्रदेश की संघर्ष शीलता, संस्कृति एवं आत्म गौरव का प्रतीक है। यह कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अभिनेष सुराना ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के ग्रंथालय में दो दिवसीय पुस्तक मेला भी आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में समूचे देश के लगभग 10 से अधिक प्रकाशक हिस्सा लिया। आज पुस्तक मेले के दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने पुस्तक क्रय किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुत, सरस्वती वंदना से शुरुआत

ग्रंथपाल डॉ. विनोद अहिरवार ने इसे अपने तरह का अनूठा पुस्तक मेला निरूपित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रथम बार बड़े-बड़े प्रकाशक एक साथ एकत्रित हुये है। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने वाली छात्राओं में छवि परमार, लोकेश्वरी तथा जयंती शामिल थी। कार्यकम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। आगामी 12 सितम्बर को जॉब फेयर के साथ-साथ महाविद्यालय में भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन एवं परिचर्चा राधाकृष्णन हॉल में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। पुस्तक मेला में कई दुर्लभ पुस्तकों को अवलोकन के लिए रखा गया है। ताकि युवाओं को इसके अध्ययन का मौका मिल सके।

## छत्तीसगढ़ की कला परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही, शोध के लिए आज भी बहुत कुछ...

**दुर्ग।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के सन्दर्भ में छत्तीसगढ़ की कला परम्परा बीते 25 साल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता लोककला संरक्षक, संवाहक डॉ. डीपी देशमुख ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की परिकल्पना को साकार हुए 25 वर्ष हो गए। इन सालों में राज्य विकास की ओर लगातार अग्रसर है। उन्होंने छग के विभिन्न लोक गीतों को गाकर उनकी पहचान विद्यार्थियों से कराई। छग की प्रमुख लोक कला नाचा की विशेषता बताई। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कला के क्षेत्र में स्थान बनाने के लिए अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता है। विशिष्ट वक्ता डॉ. जी रथीश बाबू ने छग के अपने शास्त्रीय नृत्य के आरंभिक संघर्ष बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत की कला को यहां स्थापित करने में कड़े परिश्रम की जरूरत थी। यहां के लोगों ने उसे आत्मसात किया। और वर्तमान में केवल भिलाई में ही सैकड़ों बच्चों ने इसे साधना के लिए चुना है।



### 25 सालों में छत्तीसगढ़ ने विकास के नए सोपान तय किए

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि छग राज्य प्राकृतिक सम्पदा कलाओं एवं संस्कृति से परिपूर्ण है। बीते 25 वर्षों में लगातार यह राज्य प्रगति के सोपान तय कर रहा है। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालों की स्थापना भी इस क्रम की बड़ी उपलब्धि है। संगोष्ठी के प्रारंभ में सरस्वती वंदना एवं राज गीत की प्रस्तुति विद्रद्यार्थियों द्वारा की गई। अतिथि व्याख्याता डॉ. बाबूलाल सिंह, वत्सल तिवारी एवं राजेंद्र कुमार द्वारा वक्ताओं का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. डीपी देशमुख को उनके द्वारा छग के पर्यटन और संस्कृति पर लिखी पुस्तक भेंट की गई। छात्र-छात्राओं ने गजल एवं छत्तीसगढ़ी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। मंच संचालन डॉ. निधि वर्मा ने किया।

## गुरु चरित्र, व्यक्तित्व और समाज का निर्माण : तिवारी



**दुर्ग।** जिला शिक्षण समिति द्वारा सुराना कॉलेज के सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, समिति के सदस्य अनिल सुराना, विनोद जैन एवं कुलवंत सिंह भाटिया के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व राज्य गीत के साथ किया गया। विनोद जैन ने स्वागत भाषण में शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्रवीण चंद्र तिवारी ने कहा कि गुरु चरित्र, व्यक्तित्व व समाज के निर्माता है। मनोज शर्मा ने शिक्षक के आदर्श रूप को व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में शिक्षकों का विशिष्ट स्थान है। इस अवसर पर सभी शिक्षण संस्था सेठ रतन चंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सेठ बद्री लाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय, सेठ रतन चंद सुराना विधि महाविद्यालय, दाऊ ररू प्रसाद राष्ट्रीय विद्यालय एवं शहीद भगत सिंह विद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, डॉ. उमकांती सिंह, अखिलेश अग्रवाल, सुरेन्द्र राजपूत एवं चंद्रिका प्रसाद अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

साइंस कॉलेज में विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस पर हुआ व्याख्यान

# भारत विभाजन के समय धार्मिक वैमनस्यता के कारण जनता को व्यापक हिंसा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे अधिक पीड़ित थीं महिलाएं

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में एक सारगर्मित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अभिनेष सुराना ने अध्यक्षता करते हुए विषय की रूपरेखा विद्यार्थियों के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि भारत विभाजन के समय धार्मिक वैमनस्यता के कारण भारतीय जनता को व्यापक हिंसा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे अधिक पीड़ित महिलाएं थीं। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी विश्वनाथ बोगी ने अखंड भारत विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भारत भूमि की अखंडता के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट करते हुए मध्यकालीन भारतीय संस्कृति की विशालता और उसके वैश्विक प्रसार पर प्रकाश डाला।



### 150 से ज्यादा स्वयंसेवक और कैडेट्स हुए शामिल

इस अवसर पर विवेकानंद यूथ सर्किल उत्तीसगढ प्रांत को सह-समन्वयक विक्रांत मिश्रा तथा सहयोगी ओजस्व, हर्ष, अनुप्रास और सुशील मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे भी उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ. अंबरीश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार साहू ने किया। इस व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के लगभग 150 स्वयंसेवक एवं कैडेट्स सम्मिलित हुए।

### दुख, यातनाओं और बलिदान को याद करने का समय

वक्ताओं ने कहा कि विभीषिका की स्मृति दुख, यातना और बलिदान को याद करना है। दरअसल, 1947 में ब्रिटिश भारत का विभाजन धार्मिक आधार पर हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप भारत और पाकिस्तान दो स्वतंत्र राष्ट्र बने। मुस्लिम लीग ने दो-राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार किया, जिसके तहत हिंदू और मुस्लिम समुदायों को अलग राष्ट्र माना गया। इस विचार का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और कई अन्य संगठनों ने विरोध किया। इसके बावजूद वे देश का बंटवारा होने से नहीं रोक पाए। 20 फरवरी 1947 को



ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने घोषणा की थी कि 30 जून 1948 तक सत्ता भारतीयों को सौंपी जाएगी, लेकिन लॉर्ड माउंटबेटन ने इसे 14/15 अगस्त 1947 को लागू कर दिया। दोनों देशों के बंटवारे की सीमाओं को तय करने का जिम्मा सिरिल रैडक्लिफ को सौंपा गया था, जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा निर्धारित की। इस बंटवारे में मुस्लिम लीग की भूमिका अहम रही। मुस्लिम लीग ने विभाजन की मांग को मजबूत किया था।

### 14 अगस्त 1947 भारत के इतिहार में गहरे जख्म की तरह

वक्ताओं ने कहा कि 14 अगस्त 1947 की तारीख भारत के इतिहास में एक गहरे जख्म की तरह है। इस दिन 200 वर्षों की गुलामी से मुक्ति की खुशी तो लोगों को मिली, लेकिन बंटवारे का ऐसा दर्द भी मिला, जिससे भारत और पाकिस्तान के रूप में दो देशों का जन्म हुआ। देश के बंटवारे की कीमत थी लाखों लोगों का विस्थापन, हिंसा और अपनों को खोने का दुख। इस बंटवारे की वजह से घर-बार तो छूटे और साथ ही अनगिनत जिंदगियां भी तबाह हो गईं। यह विभीषिका केवल भौगोलिक सीमाओं का बंटवारा नहीं थी, बल्कि दिलों और भावनाओं का भी टूटना था। इस दर्द को याद करने और उन बलिदानों को सम्मान देने के लिए हर साल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' की शुरुआत की गई।

**उत्तम क्षमा :** दिगंबर जैन समाज भिलाई-दुर्ग ने की सामूहिक क्षमा याचना, सभी जीवों से मांगी माफी

# जैन समाज: जीवन की इस यात्रा में मेरी वजह से किसी को किसी भी प्रकार से दुख हुआ हो, तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं...

**भिलाई।** दिगंबर जैन समाज भिलाई-दुर्ग के दसलक्षण और पर्यूषण पर्व का समापन हो गया है। अंतिम दिन दिगंबर जैन के बड़े मंदिर, पद्मनाभपुर मंदिर, रिसाली, त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6, कुम्हारी, नेहरूनगर, वैशालीनगर सहित अन्य सभी मंदिरों से सामूहिक क्षमा याचना की गई। जैन समाज के लोगों ने इस दौरान कहा कि जीवन की इस यात्रा में मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूं। सभी जीव मुझे क्षमा करें। मेरी सभी से मित्रता है। मेरा किसी से को द्वेष नहीं है, किसी प्रकार का भेदभाव मन में नहीं है। धर्मात्मा रहेंगे तो धर्म रहेगा, समाज बचेगा तो धर्म बचेगा। यह संदेश साधु-संतों, आचार्यों और साध्वियों ने समाज के लोगों को दिया। समाज के लोगों ने इसका संकल्प लिया। इधर सभी मंदिरों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह से ही विधि-विधान से पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद ण्मोकार मंत्र का जाप किया गया। धर्मसभा का भी आयोजन किया गया। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में पारसनाथ दिगंबर जैन सभा द्वारा धार्मिक पूजन का आयोजन किया गया। साधना जैन, नीना जैन, वरुण जैन, निशांत जैन ने भक्ति संगीत के माध्यम से तीर्थंकरों की प्रार्थना की। शांति धारा के साथ विधान पूजन हुआ। मां जिनवाणी के प्रचार प्रसार, सामाजिक सेवा के लिए तिलक लगाकर श्रीफल और शॉल पहनकर समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र जैन, मंत्री सोमेश बाकलीवाल, ज्ञानचंद बाकलीवाल, अशोक निकोटिया आदि को सम्मानित किया गया।





## आपस में की एक-दूसरे से क्षमा याचना

पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन जैन समाज के लोगों ने सार्वजनिक क्षमा याचना करने के साथ एक-दूसरे से भी क्षमा याचना की। जैन मिलन जैन ट्रस्ट, पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा, जैन महिला क्लब, त्रिवेणी बहु मंडल आदि की उपस्थिति में क्षमा याचना की गई। पारसनाथ भगवान और मां जिनवाणी को नमन किया गया। आचार्य विद्यासागर और विशुद्ध सागर के छायाचित्र पर भक्तों ने मंगलदीप प्रज्वलित किए। जय जिनेंद्र किया। तपस्या और उपवास करने वालों का भी अभिनंदन किया।इसके बाद केसर के दूध का वितरण किया गया।

## हाउसिंग बोर्ड में विश्व मैत्री दिवस के रूप में मनाया गया

**दुर्ग।** पर्व राज पर्यूषण 10 लक्षण दिवस समाप्ति के दूसरे दिन स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर हाउसिंग बोर्ड पदमनाभपुर में विश्व मैत्री दिवस के रूप में मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में नियमित कार्यक्रम प्रतिदिन के भांति पूजा, अभिषेक, शांति धारा हुआ। दस दिवसीय कार्यक्रम में प्रतियोगी में प्रतिभागी पुरस्कार विजेताओं को इनाम प्रदान किया गया। विश्व मैत्री दिवस के इस आयोजन में स्थानी मंदिर के ट्रस्टी लालचंद गोधा, अशोक बड़कुल, विनोद पाटनी, नवीन कुमार जैन, विनोद जैन, लालचंद बोहरा, समिति के अध्यक्ष रमेश बाकलीवाल, अभिषेक जैन, राकेश जैन आदि विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के छोटे बड़े सभी सदस्यों का सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। पंडित शास्त्री का सम्मान किया गया। एक दूसरे से विगत वर्षों में मन से, वचन से, जाने अनजाने, प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मन, वचन गलतियों के लिए माफी मांगी गई। समाज के संजय बोहरा ने बताया कि क्षमा दिवस का बहुत महत्व होता है, जिसे इस दिवस पर सामूहिक सामूहिक रूप से मंदिर में समाज का प्रत्येक सदस्य उपस्थित होकर क्षमा याचना करता है।



**सिटी इवेंट**

## भिलाई चौरसिया समाज ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**भिलाई।** अखिल भारतीय चौरसिया प्रादेशिक महासभा कोलकाता छत्तीसगढ़ एवं चौरसिया समाज कल्याण एवं विकास समिति भिलाई, के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षकों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरबी चौरसिया भूतपूर्व प्रदेश अध्यक्ष थे। कार्यक्रम में जय राम चौरसिया प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कार्यकारी अध्यक्ष किशोर कुमार चौरसिया, रीता चौरसिया, एसके चौरसिया, दिनेश कुमार चौरसिया, ज्योति चौरसिया विशेष रूप से मौजूद थे। समाज के वरिष्ठ शिक्षक मोतीलाल चौरसिया, आरआर चौरसिया के सम्मान में पुष्प अर्पित किए गए। समाज द्वारा प्रमुख रूप से बलराम चौरसिया, गुलाब चौरसिया, लिर्धन प्रसाद चौरसिया, वैदेही चौरसिया, सरस्वती चौरसिया, स्वर्णलता चौरसिया, अंजना चौरसिया आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्वी चौरसिया ने नृत्य कला की प्रस्तुति दी। इस दौरान पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। अध्यक्ष जयराम द्वारा हरि प्रसाद, डॉ. बसंत, सत्य कुमार, दीपक मंडल आदि को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवनी चौरसिया, राजेश, दीपक ने किया।

**समाज लाइव**

## कंवर समाज का तीज मिलन दीपिका बनीं तीज क्वीन



**भिलाई।** कंवर समाज महिला मंडल भिलाई का तीज मिलन समारोह आशीष नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रिसाली महापौर शशि सिन्हा थीं। विशेष अतिथि अंबिका दाउ रहीं। समाज की महिलाओं द्वारा भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में तीज क्वीन दीपिका चंद्रवंशी, उमा चंद्रवंशी, भोज चंद्रवंशी एवं सोलह श्रृंगार ज्योति चंद्रवंशी, माधुरी रावके रही। कार्यक्रम में कंवर समाज महिला मंडल अध्यक्ष रंजना चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कांति ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवकी ठाकुर, संगठन सचिव गीतांजली जयसिंधु, सचिव माधुरी रावके सहित कार्यकारणी सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य भानु प्रताप यादव ने दी।

**समाज इवेंट**

## मनवा कुर्मी समाज ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज द्वारा प्रतिभाशाली गरीब विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति कोष से दी जाने वाली सहायता राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस वर्ष कोमल प्रसाद वर्मा पिता विष्णु प्रसाद वर्मा नवागांव को आईआईटी पटना में चयनित होने पर तीस हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। कुर्मी भवन सेक्टर -7 में आयोजित एक समारोह में राजप्रधान दुर्ग-राज ईश्वरी वर्मा ने चेक प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज के गरीब बच्चों के उच्च शिक्षा में गरीबी बाधक नहीं बनेगी। हम सदैव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर केन्द्रीय विवाह प्रभारी चंद्रकुमार वर्मा, उप राजमंत्री दिनेश वर्मा, सचिव महेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष पीलाराम वर्मा, दुर्ग राज विवाह प्रभारी जनक राम वर्मा, समाज सेवक सुदर्शन वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## नशामुक्ति पर जागरुकता कार्यशाला नकारात्मक प्रभाव पर की गई चर्चा



**भिलाई।** एसएनजी स्कूल सेक्टर-4 में निजी, सरकारी विद्यालयों के स्काउट गाइड प्रभारी, जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी, व्यायाम शिक्षकों के लिए एक दिवसीय नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीईओ अरविन्द मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकील, अशोक देशमुख सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र के निदेशक अजय कल्याणी ने पीपीटी के माध्यम से नशा के दुष्प्रभावों और नियंत्रण के व्यावहारिक तरीकों पर जानकारी दी गई। एएसपी सुखनंदन राठौर ने इसके कारणों एवं निदान पर व्यवहारिक सुझाव दिया। महिला थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक ने महिलाओं लड़कियों पर होने वाले सामान्य अपराधों पर जानकारी देते हुए सुरक्षा के उपायों पर जानकारी दी। विद्यालयों में रोकथाम के लिए 100 मीटर के दायरे में किसी प्रकार के नशीले पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध की जानकारी पुलिस विभाग को देने एवं प्राचार्य. शाला विकास समिति के अध्यक्ष पंच, सरपंच, व्यायाम शिक्षक, स्काउट गाइड प्रभारी, जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी आदि को दी गई।

**तीज मिलन समारोह का आयोजन**

## व्यंजन की बगिया और सामूहिक फुगड़ी ने जमाया रंग, कुर्सी दौड़ में महिलाओं ने जीते कई उपहार



**दुर्ग।** विवेकानंद सभागार में तीज मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। जिला निषाद समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर अलका बाघमार, पूर्व विधायक अरुण वोरा शामिल हुए। विशेष अतिथि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद एवं पूर्व उपाध्यक्ष प्रेमलता निषाद, पाटन सभापति सीता निषाद, जनपद सदस्य भावना निषाद व जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद थे। मंच संचालन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद ने किया। भगवान रामचंद्र गुहा निषाद राज की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्व एमआर निषाद को श्रद्धांजलि अर्पित कर तीजा उत्सव, खेलकूद, व्यंजन की बगिया व समूह नृत्य फुगड़ी, रासा कासी, कुर्सी दौड़ की शुरुआत हुई। तीज क्वीन रेणु निषाद ननकट्ठी बनीं। फुगड़ी में प्रथम स्थान पर सरोज निषाद रहीं। उषा निषाद थनौद दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं रस्सा कसी 13 परिक्षेत्र बीच हुआ, जिसमें किकिरमेटा परिक्षेत्र की बहनों ने प्रथम स्थान एवं चिरपोटी परिक्षेत्र की बहनों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### तीज भारतीय संस्कृति की गहराई और प्रेम का पर्व, जानना जरूरी

अलका बाघमार ने सभी बहनों को तीज मिलन की बधाई दी देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की गहराई और परिवार में प्रेम, सौहार्द तथा एकता का संदेश देता है। तीज पर्व विशेष रूप से नारी शक्ति का पर्व है। यह त्योहार हमें यह स्मरण कराता है कि किस प्रकार माता पार्वती ने कठिन तपस्या करके भगवान शिव को अपने पति रूप में प्राप्त किया। उसी भक्ति, विश्वास और प्रेम का प्रतीक यह तीज पर्व है। प्रेमलता निषाद ने कहा कि तीज पर महिलाएं व्रत रखती हैं। गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी खुशी व्यक्त करती हैं। कार्यक्रम में संतोषी निषाद, सत्यभामा निषाद, सुमन निषाद, हेमलता निषाद, यमुना निषाद, कोषाध्यक्ष मथुरा निषाद सहित आदि मौजूद थे।

**सामाजिक जागरुकता के लिए आयोजन**

## अग्रवाल समाज ने रक्तदान शिविर लगाकर किया 95 यूनिट रक्तदान



**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग की इकाई अग्रवाल यूथ क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 95 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। अध्यक्ष अनूप अग्रवाल एवं महासचिव मुकेश सिंघानिया ने बताया कि अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा जिला अस्पताल दुर्ग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने अग्रवाल समाज के इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया कि अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। समाज द्वारा यह परंपरा विगत कई वर्षों से अनवरत जारी है। अग्रवाल समाज के संरक्षक सुधीर अग्रवाल एवं कैलाश रूंगटा ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान पुण्य कार्य है, जिस किसी व्यक्ति के जीवन की रक्षा होती है। इस कार्य में सभी व्यक्ति को बढ़ चर कर हिस्सा लेना चाहिए। रक्तदान शिविर के प्रोग्राम डायरेक्टर निशांक अदिति अग्रवाल एवं मयंक सोनिका अग्रवाल ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी रक्तदाताओं हेतु हेल्दी फूड की स्पेशल व्यवस्था की गई थी। समाज के वरिष्ठ कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सक्सेरिया एवं विजय अग्रवाल ने जिला अस्पताल की अच्छी व्यवस्था हेतु डॉ. मनोज दानी सहित सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।

**विधायक ललित चंद्राकर ने किया रक्तदाताओं का सम्मान**

**कन्या महाविद्यालय में माटी शिल्प कार्यशाला में स्टूडेंट्स ने लिया हिस्सा**

## विद्यार्थियों ने सीखा इको फ्रैंडली मूर्तियां बनाना पीओपी से होने वाले नुकसान की भी ली जानकारी

**कार्नर न्यूज**



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चित्रकला एवं मूर्तिकला विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय माटी शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण को बढ़ावा देना था, जिसमें प्रशिक्षक के रूप में जितेंद्र साहू को आमंत्रित किया गया था। जितेंद्र साहू ने प्लास्टर या प्लास्टिक की जगह, केवल मिट्टी का उपयोग कर विशेष तकनीक से गणेश प्रतिमा निर्माण की विधि सिखाई। इस प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और आकर्षक गणेश प्रतिमाएं बनाई। कार्यशाला के अंतिम दिन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव, प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, क्रीडाधिकारी, और अतिथि व्याख्याताओं ने छात्राओं द्वारा निर्मित प्रतिमाओं का अवलोकन किया। तत्पश्चात समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिंद अमृतफले, विभागाध्यक्ष चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत और नृत्य विभाग ने किया।



### पीओपी की प्रतिमाओं से पर्यावरण को नुकसान

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक और प्लास्टर से बनी मूर्तियों पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं, जबकि मिट्टी की मूर्तियाँ पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रशिक्षक जितेंद्र साहू ने छात्राओं के उत्साह और मूर्तिकला के प्रति उनकी लगन की सराहना की। डॉ. अमृतफले ने इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं को पर्यावरण संरक्षक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन तृप्सि खरे सहित अन्य ने किया। कार्यशाला में कॉलेज फैकेल्टीज का अहम योगदान रहा।

### महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर हुआ व्याख्यान



कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा महिलाओं के विरूद्ध अपराध विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न अथवा अत्याचार के निवारण के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से समुचित व्यवस्था संचालित किए जा रहे हैं। व्याख्यान की मुख्य वक्ता वैशाली नगर महाविद्यालय की समाजशास्त्र की प्राध्यापक डॉ. चांदनी मरकाम थीं। उन्होंने कहा कि पुरुष प्रधानता संकीर्ण सोच तथा अशिक्षा आदि प्रमुख कारण है। इस प्रकार की हिंसा व अपराध बहुत घातक है, जो नारी मन तथा बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने लड़कियों को परेशान करने के लिए विभिन्न मामलों में आईपीसी की धारा लागू होती है. जिनमें प्रमुख रूप से पीछा करना, यौन उत्पीड़न, लज्जा भंग करने के इरादे से कहे गये शब्द व हाव-भाव शामिल है। इन कानूनी धाराओं के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान उत्पीड़न के प्रकार निर्भर करते हैं, जिसमें जुर्माना एवं कारावास हो सकते हैं। डॉ. मोनिया सिंह ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के कारण, परिणाम, रोकथाम एवं निवारण कैसे किया जा सकता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### श्रीमंत का चयन वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप बुल्गारिया के लिए



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के पैरा एथलीट और इंजीनियर श्रीमंत झा का चयन वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 12 से 22 सितंबर तक बुल्गारिया में आयोजित होगी, जिसमें वे -85 किलोग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्रीमंत झा अब तक भारत के लिए 56 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं और वर्ष 2025 में ही उन्होंने 4 अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किए हैं। श्रीमंत झा के इस चयन पर पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी, महासचिव प्रवीण जॉर्डन, छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, सचिव श्रीकांत, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा साहू और कोच राजू साहू ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं है।

### सीएससीएस के प्रतिनिधि मिले उपमुख्यमंत्री साव से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के संचालक विजय शाह एवं प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात की तथा राज्य में क्रिकेट गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु चर्चा की। इस अवसर पर जुबीन शाह, प्रमोद शंकर शर्मा, जी.एस. मूर्ति, राजेश दवे, सिद्धार्थ पाठक, तरुणेश परिहार तथा हरी गुंडल्लापल्ली भी उपस्थित थे।

### चुने गए संभाग स्तरीय शालेय सॉफ्टटेनिस के खिलाड़ी



**रायपुर।** संभाग स्तरीय शालेय सॉफ्टटेनिस चयन स्पर्धा मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चौबे कालोनी रायपुर में संपन्न हुई। जिसमें रायपुर, धमतरी, महासमुंद और बलौदा बाजार जिले के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान चयनित खिलाड़ियों में 14 वर्ष बालिका में गंगा साहू, हुमेशवरी साहू, वेदिता साक्षी और अर्पिता सभी रायपुर से, 14 वर्ष बालक में तन्मय वासु, चुम्मन, वेदांत और दीपांशु सभी धमतरी से, 17 वर्ष बालिका में बरखा रानी गौड़, रिया, प्रेरणा फरिकार, संजना फरिकार, वेदिता रजक और विधा साहू सभी रायपुर से, 17 वर्ष बालक में संजय वर्मा, हिमेश, टिकेश ध्रुव, नोमेश बलौदा बाजार से, हरिशंकर साहू महासमुंद से , 19 वर्ष बालिका में चंचल सारथी, रिया सोनकर, यामिनी निषाद, रंजना चौहान और अंजली सिन्हा सभी रायपुर से और 19 वर्ष बालक में यश राज, विवेक, महेंद्र, गेंदराम बलौदा बाजार से और संजीव धमतरी से शामिल हैं।

### टी-20 में छत्तीसगढ़ की जीत, उर्मिला ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी-20 अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। बुधवार को छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच गोवा के विरुद्ध अहमदाबाद में खेला गया। गोवा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गोवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 16.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 69 रन ही बनाये। गोवा की ओर से हर्षिता यादव ने सर्वाधिक 31 रन तथा सुनंदा ने 14 रनों का योगदान दिया। गोवा के अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकडा नहीं छू सके। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा बल्लेबाजो को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से उर्मिला हरीना ने 4 विकेट तथा अदिति ने 3 विकेट प्राप्त किये। 70 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 13.2 ओवरों में 5 विकेट खोकर 70 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने सर्वाधिक 24 रन तथा प्रीति यादव ने 14 रनों का योगदान दिया। गोवा की ओर से सुनंदा ने 3 विकेट तथा विधि ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट से मैच जीत लिया।

### बीसीए टीम का चयन 14 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन( बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। बीसीए की टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 14 सितंबर रविवार को सुबह 9:00 बजे से कल्याण कॉलेज स्थित इंडोर पिच में किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा में जिन खिलाड़ियों को भाग लेना है, वह अपना रजिस्ट्रेशन 13 सितंबर तक कर लें। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

## डायबिटीज नियंत्रण के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी

# डायबिटीज के शिकार हैं तो भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां, वरना शुगर कंट्रोल करना हो जाएगा मुश्किल

डायबिटीज वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोग इसका शिकार हो सकते हैं। यही कारण है कि कम उम्र से इसकी रोकथाम और बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहना जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकने के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी माना जाता है। आहार की इसमें विशेष भूमिका होती है। आप क्या खाते हैं और क्या नहीं इसका सीधा असर आपके शुगर के स्तर पर पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज ऐसी बीमारी है जिसका सही प्रबंधन आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। इसमें बरती गई किसी भी तरह की लापरवाही से कई अन्य जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। जो लोग मधुमेह के शिकार हैं या जिनमें इसका जोखिम हो सकता है उन्हें कुछ बातों को लेकर खास सावधानी बरतने की



सलाह दी जाती है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

लखनऊ स्थित पीजीआई में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक अरुण बताते हैं, कई आदतें ऐसी हैं जो डायबिटीज की स्थिति को और खराब कर सकती हैं। ज्यादातर लोग इससे अनजान होते हैं। मधुमेह में क्या नहीं करना चाहिए इस बारे में जानकारी और उपायों का गंभीरता से पालन करना आपको गंभीर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है। डायबिटीज में चिकित्सक के नियमित परामर्श की जरूरत होती है। रक्त शुगर के स्तर की नियमित जांच न कराना और आवश्यक दवाओं को न लेना समस्या को बढ़ा सकती है। इसके अलावा दिनचर्या की कुछ बातों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### सिर्फ चीनी ही नहीं ये चीजें भी नुकसानदायक


चीनी से बनी चीजें ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ाती हैं। डायबिटीज में मीठी चीजों से परहेज करना जरूरी है। पर सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। ज्यादातर लोग अनजान होते हैं कि फास्ट फूड, जैसे बर्गर, पिज्जा, और प्रोसेस्ड स्नैक्स में अत्यधिक मात्रा में वसा और शर्करा होती है, जो शुगर को असामान्य रूप से बढ़ा सकती है। अगर आप इन चीजों का अधिक सेवन करते हैं तो भी मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। डायबिटीज रोगियों को समय पर भोजन की आदत बनाना भी जरूरी है।

### व्यायाम न करने की आदत नुकसानदायक

शारीरिक गतिविधि की कमी डायबिटीज के प्रबंधन को मुश्किल बना देती है। नियमित व्यायाम से शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है और ब्लड शुगर बेहतर तरीके से नियंत्रित होता है। व्यायाम न करना डायबिटीज की जटिलताओं को बढ़ा सकती है। आपको डायबिटीज हो या न हो फिर भी नियमित रूप से 30 मिनट व्यायाम की आदत जरूर बनाएं। व्यायाम से वजन भी कंट्रोल रहता है। अधिक वजन होने से मधुमेह का जोखिम भी बढ़ जाता है।

### ज्यादा स्ट्रेस (तनाव) ठीक नहीं

अत्यधिक तनाव लेने की आदत भी डायबिटीज




रोगियों के लिए नुकसानदायक है, इससे भी ब्लड शुगर बढ़ सकता है। तनाव की स्थिति में शरीर में स्ट्रेस हार्मोन (कॉर्टिसोल) का स्तर बढ़ जाता है, जो इंसुलिन की प्रभावशीलता को कम करता है। इसलिए तनाव कम करने के उपाय जैसे योग, ध्यान, और सही नींद लेना महत्वपूर्ण है। अच्छी और पर्याप्त नींद तनाव और डायबिटीज दोनों को कंट्रोल रखने का तरीका हो सकती है।





## गुड-बैड कोलेस्ट्रॉल में जानिए अंतर और इसकी अहमियत

भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल, बाहर का तला-भुना खाना, व्यायाम की कमी और तनाव, ये सब धीरे-धीरे हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल बढ़ा देते हैं और गुड कोलेस्ट्रॉल यानी एचडीएल को कम कर देते हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में हम जो कुछ भी करते हैं उसका असर सीधे हमारे शरीर पर पड़ता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। गड़बड़ लाइफस्टाइल और खराब खानपान के कारण जो समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है उनमें से कोलेस्ट्रॉल भी एक है। कोलेस्ट्रॉल वैसे तो हमारे शरीर के लिए जरूरी होता है पर अगर ये जरूरत से ज्यादा हो जाए तो दिल की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।

भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल, बाहर का तला-भुना खाना, व्यायाम की कमी और तनाव, ये सब धीरे-धीरे हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल बढ़ा देते हैं और गुड कोलेस्ट्रॉल यानी एचडीएल को कम कर देते हैं। कौन सा कोलेस्ट्रॉल अच्छा है, कौन सा नुकसान करता है, इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए, ये सब समझकर आप अपने शरीर को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### पहले जानिए कोलेस्ट्रॉल क्या है?

कोलेस्ट्रॉल एक प्रकार का वसायुक्त पदार्थ या फैट है जो हमारे शरीर में कोशिकाओं की झिल्ली बनाने, हार्मोन निर्माण और पाचन के लिए जरूरी होता है। लेकिन जब शरीर में इसका स्तर अधिक हो जाता है, तो यह सेहत के लिए खतरा बन सकता है। खासकर आज की जीवनशैली, जंक फूड, तनाव, और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण कई लोग उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या से जूझ रहे हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यह धमनियों की दीवारों पर जमा होकर उन्हें संकरा कर देता है, जिससे रक्त का प्रवाह बाधित होता है। परिणामस्वरूप हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह समझना जरूरी है कि कोलेस्ट्रॉल पूरी तरह से खराब नहीं होता। यह शरीर के लिए आवश्यक है, लेकिन जब इसका संतुलन बिगड़ता है तभी यह सेहत के लिए खतरा बनता है। कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है– गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। दोनों का शरीर में अलग-अलग काम होता है, इसलिए इनके संतुलन को समझना जरूरी है।

### क्या होता है बैड कोलेस्ट्रॉल

जैसा कि नाम से ही पता चलता है, बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) नुकसानदायक है, यह धमनियों में जमा होकर उन्हें संकरा कर देता है। इससे रक्त प्रवाह कम हो सकता है और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जब एलडीएल का स्तर ज्यादा हो, तो इसे कम करने के लिए भोजन में संतुलन और व्यायाम के साथ दवाओं की जरूरत हो सकती है। डॉक्टर बताते हैं कि एलडीएल का स्तर 100 एमजी/डीएल (मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर) से कम होना चाहिए। 130-159 एमजी/डीएल 'बॉर्डरलाइन' माना जाता है और 160 एमजी/डीएल से ऊपर खतरनाक है।




# किचन के अंदर पूजा का स्थान बनाने से पहले लें वास्तु सलाह



किचन और पूजा का स्थान दोनों ही घर के लिए बहुत मायने रखते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इन स्थानों को हमेशा वास्तु के अनुरूप ही बनाना चाहिए जिससे घर में खुशहाली बनी रहती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के भीतर स्थानों की व्यवस्था का अत्यधिक महत्व दिया जाता है। घर में कौन सी चीज कहां रखी है और उसका स्थान कहां होना चाहिए ये बात बहुत ज्यादा मायने रखती है।

### घर में पूजा के स्थान को एकांत जगह पर रखने का महत्व

यदि आपके घर में पूजा का स्थान है तो इसे घर के अन्य हिस्सों से दूर होना चाहिए और ऐसी जगह पर होना चाहिए जहां ज्यादा शोर-शराबा न हो। पूजा का मंदिर हमेशा व्यक्ति में मन को शांत रखने में योगदान देता है।

जब भी हमारा मन अशांत होता है उस समय हम एक शांत स्थान की तलाश में होते हैं, ऐसे में पूजा का स्थान बहुत ज्यादा महत्व रखता है। प्रार्थना कक्ष को घर में एक पवित्र स्थान माना जाता है जहां लोग धार्मिक अनुष्ठान, ध्यान और पूजा करते हैं। इसे आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का स्रोत माना जाता है। इसलिए, इसका स्थान यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़े और घर के अन्य क्षेत्रों के साथ टकराव न हो।

### पूजा कक्ष के लिए वास्तु कैसा होना चाहिए


वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा कक्ष आदर्श रूप से ऐसे स्थान पर स्थित होना चाहिए जो शांत और ध्यान और प्रार्थना के लिए अनुकूल हो। पूजा कक्ष के लिए सबसे अनुशंसित स्थानों में घर का पूर्वोत्तर कोना, पूर्व या उत्तर कोना होना चाहिए। पूजा के स्थान के लिए ये सभी दिशाएं सबसे ज्यादा शुभ मानी जाती हैं।

ये सभी दिशाएं ऊर्जा के प्राकृतिक प्रवाह के अनुरूप होती हैं। इस स्थान के लिए यदि हम सबसे अच्छी दिशा की बात करें तो वह उत्तर पूर्व ही मानी जाती है। यदि संभव न हो तो पूर्व या उत्तर दिशा पर भी पूजा का स्थान रख सकते हैं। इसके अलावा पूजा कक्ष हमेशा साफ-सुथरा और अव्यवस्था से मुक्त होना चाहिए। पूजा के स्थान पर हमेशा अच्छी रोशनी होनी चाहिए।

### क्या किचन में पूजा का स्थान बनाया जा सकता है

वास्तु की मानें तो आपको पूजा कक्ष और किचन एक साथ कभी भी नहीं रखना चाहिए। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि किचन अग्नि तत्व से जुड़ा होता है। का स्थान रसोई में रखने से इन तत्वों के बीच टकराव पैदा हो सकता है, जिससे संभावित रूप से सकारात्मक ऊर्जा बाधित हो सकती है। इसके अलावा कई ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से आपको पूजा का स्थान किचन से अलग रखना चाहिए।

## अखिल भारतीय विद्युत शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से



**रायपुर।** 47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज 11 सितंबर को राजधानी में होगा। इसमें 10 राज्यों की पॉवर कंपनियों के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें लगभग 300 मैच होंगे, जिसमें ओपन सिंगल, ओपन डबल और टीम इवेंट होंगे। इसकी मेजबानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सेंट्रल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी कर रही है। स्पर्धा का समापन 13 सितंबर को होगा। आयोजन समिति के प्रमुख व कार्यपालक निदेशक (वित्त) एमएस चौहान ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन-जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। अध्यक्षता उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के लिए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी पहुंच चुके हैं। जिसमें कर्नाटका पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, कर्नाटका पॉवर कार्पोरेशन, तमिलनाडू पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिडेट, यूपी पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, आंध्रप्रदेश ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, तेलंगाना ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड की टीम शामिल है।

कार्नर न्यूज

## खेल बाजार में स्पोर्ट्स शू सबसे ज्यादा बिकाउ माल

# स्पोर्ट्स शूज की आसमान छूती कीमतें, फिर भी लोगों की कम नहीं होती इसके लिए दीवानगी

जब बात फैशन की हो, तो जूतों को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता है। लेकिन जब बात स्पोर्टस की हो, तब जूतों का महत्व समझ में आ जाता है। क्योंकि, किसी भी खेल में जूते खिलाड़ी के सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। फिर बात चाहें फुटबॉल, रनिंग, क्रिकेट या फिर हाइकिंग जैसे खेलों की हो क्यों न हो रही हो। बाजार में स्पोर्टस शूज की कीमत कुछ सौ रुपये से लेकर हजारों रुपये तक हो सकती है। अच्छी क्वालिटी के रनिंग शूज की कीमत भारतीय बाजार में 8000 रुपये तक है।

### मिजुनो वेव प्रोफेसी 5

मिजुनो का वेव प्रोफेसी 5 खास है, क्योंकि अपर में लगा हुआ एयरमैश आपके पैरों पर अच्छे से फिट हो जाता है। जूते का मैटेरियल ऐसा है जिससे पैरों तक हवा पहुंचती रहती है। इस शूज में मिजुनो ने अपनी वेव टेक्नोलॉजी का प्रयोग भी किया है। मिडसोल एरिया में लगा ये कंपाउंड पैरों को जबरदस्त कुशन और स्थिरता देता है।

कीमत : 17,999

### नाइकी एयर मैक्स 2016

नाइकी के फ्लैगशिप रनिंग शू द



एयरमैक्स 2016 में डायनमिक फ्लाईवायर केबल्स दी गई हैं जो जबदस्त पकड़ देती हैं। नाइकी ने जूते में हवा के आने-जाने के लिए खास टेक्नोलॉजी वाले अपर का इस्तेमाल किया है। जेंडर को ध्यान रखते हुए आउटसोल पर खास फ्लैक्स ग्रूव्स भी लगाए गए हैं जो दौड़ने के दौरान अच्छी ग्रिप देते हैं। ये शूज आसानी से आपको अमेजन पर मिल जाएंगे।

कीमत : 17,995

### एडिडास टेरैक्स फास्ट आर मिड जीटीएक्स

टेरैक्स फास्ट आर मिड जीटीएक्स, एडिडास का ट्रैकिंग शू है। इस जूते में एडिडास की हाउस फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। ये एथलीट के पैरों में खासा आराम देती है और जिसकी वजह से जूतों को बनाने में इस्तेमाल हुए विभिन्न मैटेरियल आसानी से एक-दूसरे से मिल जाते हैं।

कीमत : 21,673 रुपये

### नाइकी हाइपरवेनम फैंटम

हाइपरवेनम प्रोक्सिमो से हटकर, ये फुटबॉल बूट्स, आउटडोर पिच के लिए बेस्ट हैं। हाइपर वेनम फैंटम II नाइकी के फ्लैगशिप फुटबॉल बूट्स हैं। ये बूट नाइकी फुटबॉल के बेस्ट फीचर बूट हैं। नाइकी ने इन फुटबॉल बूट को साल 2016 की शुरुआत में लांच किया था।

कीमत : 26,995

### मिजुनो वेव टेंजिन

मिजुनो का वेव टेंजिन हमारी लिस्ट में नंबर 6 पर है। ये मिजुनो के लिमिटेड एडिशन शूज हैं। वेव टेंजिन दुनिया के दो शीर्ष ब्रांड मिजुनो और लैम्बरगिनी के बीच के साझा अविष्कार और खोज का नतीजा है। ये शूज लैम्बरगिनी हुराकैन से प्रेरित है।

कीमत : 30,013



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमेरिकी मशहूर बैंड लिंकिन पार्क भारत में करने वाला है डेब्यू

अमेरिकी मूल का प्रसिद्ध बैंड लिंकिन पार्क अपने 'फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर' के तहत भारत में पहली बार डेब्यू करने जा रहा है, जिसकी पुष्टि हो चुकी है।



अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क अब भारत में भी अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत मुंबई से होगी। फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर के तहत बैंड का यह पहला कार्यक्रम भारत में होने वाला है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। बैंड ने बताया कि वह लोलापालूजा इंडिया में प्रस्तुति देने वाले हैं। इसी हफ्ते अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क ने घोषणा कि वे 25 जनवरी, 2026 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में लोलापालूजा इंडिया में परफॉर्म करेंगे। बैंड का यह कार्यक्रम उनके 'फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर' के तहत भारत में पहला इवेंट होगा। इस शो की टिकटों की बिक्री भी शुरू हो चुकी है। इस इवेंट के टिकट्स दर्शक 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे से ऑन लाइन मिलना शुरू हुए हैं। बैंड के सदस्य माइक शिनोडा ने कहा, ₹भारत एक ऐसी जगह है जहां हम लंबे समय से परफॉर्म करना चाहते थे। हमारे प्रशंसक वहां अविश्वसनीय रूप से उत्साही हैं और हम आखिरकार अपना लाइव शो उनके सामने लाने के लिए बेताब हैं।₹ आपको बताते चलें कि यह लोलापालूजा इंडिया का चौथा संस्करण होगा, जिसमें पहले स्टिंग, ग्रीन डे, जोनास ब्रदर्स, शॉन मेंडेस, इमेजिन ड्रैगन्स, एपी ढिल्लों, डिवाइन, रघु दीक्षित और प्रभ दीप जैसे कलाकार शामिल हो चुके हैं। हालांकि अभी इसके बार में आधिक जानकारी सामने आना बाकी है।

### टॉलीवुड

## तब्बू ने शुरू की सेतुपति के साथ पुरी की अगली फिल्म की शूटिंग

तब्बू ने अपनी आगामी पैन-इंडिया फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी तब्बू ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू



ने अपनी अगली बड़ी साउथ फिल्म के लिए कमर कस ली है। उन्होंने इस साउथ फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। यह फिल्म मशहूर निर्देशक पुरी जगन्नाथ की है, जिसमें विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म का क्लैपरबोर्ड दिख रहा है। उन्होंने इसे 'साउथ का धमाका' बताया। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में विजय सेतुपति और संयुक्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तब्बू और विजय कुमार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। तब्बू इस फिल्म में एक दमदार खलनायक की भूमिका में दिख सकती हैं। तब्बू की पोस्ट पर फैंस ने खूब प्यार बरसाया। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन तब्बू और विजय सेतुपति की जोड़ी कमाल होगी', एक और फैन ने लिखा, 'इस धमाके का इंतजार है', वहीं कई फैंस इस जोड़ी और पुरी जगन्नाथ की फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं। फैंस को तब्बू की इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। पुरी जगन्नाथ अपनी फिल्मों में मजबूत किरदारों के लिए जाने जाते हैं। तब्बू इससे पहले 'मकबूल' और 'अंधाधुन' जैसी फिल्मों में नकारात्मक भूमिकाएं निभा चुकी हैं। कथित तौर पर इस फिल्म में भी उनका किरदार कुछ खास होने की उम्मीद है। फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले हो रहा है। इसे चार्मी कौर, जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोला प्रस्तुत कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'भौजी हमार देवी भईया भगवान' का ट्रेलर आया, दर्शक हुए भावुक

संजना पांडेय की नई भोजपुरी मूवी 'भौजी हमार देवी भईया भगवान' के ट्रेलर पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को दो दिन में ही लाखों लोगों ने देख लिया है। कहानी भाई-भाभी, देवर और देवरानियों की है। आखिरी में जो होता है, वो देख कलेजा पसीज उठेगा।



'भौजी हमार देवी भईया भगवान' फिल्म के दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें संजना पांडेय से लेकर शिवम तिवारी और खुशी झा सहित कई सितारे हैं। 5 सितंबर को रिलीज हुए इस ट्रेलर को दो दिन में ही 7 लाख 30 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। भोजपुरी फिल्म 'भौजी हमार देवी भईया भगवान' की कहानी झकझोर देने वाली है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि भाभी और भईया के बच्चे नहीं हैं। भाभी अपने दोनों देवरों को ही अपने बच्चे की तरह पालती है। भईया और भाभी दोनों उनकी पढ़ाई के लिए खेत बेच देते हैं और बैंक से लोन भी लेते हैं। दोनों भाई भी अपनी भाभी को मां के समान प्यार और सम्मान देते हैं। भाई को भी भगवान की तरह पूजते हैं। पर जब उनकी शादी हो जाती है, तब धीरे-धीरे उनका बर्ताव बदलने लगता है। दोनों देवरानियों को अपनी जेठानी फूटी आंख नहीं सुहाती है। वो अपने-अपने पतियों को शहर जाने के लिए फुसला लेती हैं। इसके बाद भी जब उन्हें अपने बड़े से घर में नौकर की जरूरत पड़ती है, तब अपनी जेठानी को गांव से शहर ले जाती हैं और जेठ को अकेले गांव में ही छोड़ देती हैं।




जेन ज़ेड की कदमताल

लगातार विकसित होते फ़ैशन परिदृश्य में, जेनरेशन ज़ेड ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्लेटफ़ॉर्म पर अपनी जगह बना ली है, जहाँ रुझानों की गति उनकी गति से मेल खाते हुए कदमताल कर रही है। बार्बीकोर से लेकर के-पॉप कोर, मेटैलिक फ़ैशन और उससे भी आगे, जेनरेशन ज़ेड उपभोक्ता विविध और गतिशील रुझानों को अपना रहे हैं।

## बिना रिमूवर के छुड़ानी है नेल पॉलिश तो अपनाएं ये तरीके

कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता। ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। ऐसे में आप कुछ घरेलू तरीके इस्तेमाल कर बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं।

**टूथपेस्टः** जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**टूथपेस्ट और बेकिंग सोडाः** अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**र्म पानीः** अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

**नींबूः** आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइडः** गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी।



**सिरकाः** नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

## खरीदने जा रही हैं कुर्ता तो रखें इन बातों का ध्यान, देखकर लोग करेंगे तारीफ



हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं। कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको कुर्ता खरीदते वक्त जरूर रखना चाहिए।



### रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

### पैटर्न

हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### जरूर देखें लंबाई

कुर्ता खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे किसके साथ पहनने वाली हैं। जैसे कि प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ लॉंग कुर्ता चल जाता है, सलवार के साथ ये बेहद अजीब लगता है। कुर्ते की फिटिंग को इग्नोर करने की गलती ना करें। कुर्ते का डिजाइन चाहे जितना भी अच्छा हो, अगर उसकी फिटिंग खराब होगी तो ये देखने में अजीब लगेगा।

## पिगमेंटेशन के निशान हटाने घर पर तैयार करें फैसपैक

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं। इन्हें छुड़ाने घरेलू उपाय अपना सकते हैं।

### बनाने की विधि

अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है।




### लगाने की विधि

इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं।

पैक लगाने के बाद इसे तकरीबन 20 मिनट तक सूखने दें। जब से सही से सूख जाए तो चेहरे को सादे पानी से साफ करें। ध्यान रखें कि चेहरे को रगड़ें नहीं। चेहरा साफ करने के बाद कॉटन बॉल में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर लगाएं। इस पैक को आप हफ्ते में 4 बार तक लगा सकते हैं। दो हफ्ते इस्तेमाल करने से आपको इसका असर दिखने लगेगा।

## छोटी आंखों वाली ऐसे करें मेकअप



रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है।

अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है। छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

कार्नर न्यूज

### बारिश के जाने के बाद स्किन की देखभाल होती है बड़ी चुनौती

## मानसून बाद स्किन हो जाती है बेजान, कुछ जरूरी टिप्स अपनाकर पाएं खिला हुआ रूप

मानसून खत्म होते ही अक्सर लोगों को त्वचा से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। हालांकि इन दिनों बारिश पूरी तरह से गई नहीं है और सर्दियों ने दस्तक नहीं दी है। लेकिन जल्द ही सर्दियों के आते-आते ज्यादातर लोगों के लिए स्किन पर दाने, सोरायसिस, और रूखी त्वचा जैसी परेशानियां बढ़ जाएंगी। अगर आप भी ऐसी समस्याओं से परेशान हैं, तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। मानसून के जाने के बाद अपने शरीर को कैसे रीफ्रेश और एनर्जेटिक रख सकते हैं, यहां कुछ टिप्स बताए जा रहे हैं। इनको फॉलो कर आप अपने बॉडी को हेल्दी रख सकते है-

### सूखे और बेकरी उत्पादों से बचें

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें मानसून के बाद शरद ऋतु यानी सर्दियों के मौसम में पित्त का प्रभाव ज्यादा होता है, जिससे सोरायसिस जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं। इस मौसम में सूखे और बेकरी उत्पादों का सेवन कम करना चाहिए, क्योंकि ये पित्त को बढ़ाते हैं और त्वचा की समस्याओं को बढ़ावा देते हैं।



### पेट साफ रखें

आपका पेट साफ होना बहुत जरूरी है। पेट की साफ-सफाई का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर पेट को साफ रखें।

### मौसमी सब्जियों का सेवन करें

अपने भोजन में करेला, परवल, आंवला, लौकी, नारियल और अंकुरित अनाज जैसे मौसमी सब्जियों का सेवन बढ़ाएं। ये सब्जियां आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं।

### नियमित व्यायाम करें

पित्त की अधिकता के कारण इस मौसम में रक्तचाप भी बढ़ सकता है। इसलिए अपने आहार के साथ-साथ नियमित व्यायाम करना भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे रक्तचाप नियंत्रण में रहता है और त्वचा स्वस्थ रहती है।

हल्का भोजन करें

पित्त रोगों से बचने के लिए हल्का भोजन करना चाहिए। गेहूं की रोटियों की बजाय जौ और मूंग दाल की रोटियों का सेवन करें। इससे आपका पेट हल्का रहेगा और त्वचा की समस्याएं कम होंगी।

### पर्याप्त पानी पीएं

इस मौसम में उचित मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी त्वचा को हाइड्रेट रखता है और त्वचा के रोगों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है।

